दैनिक हिन्दी अख़बार


# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 51 जयपुर, मंगलवार, 30 जनवरी, 2024 | माघ, कृष्ण पक्ष- चतुर्थी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### शहीद दिवस के रूप में आज मनेगी बापू की पुण्यतिथि



**जयपुर।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मंगलवार को पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन सुबह 11:02 बजे सामूहिक मौन रखा जाएगा। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि शहीद दिवस पर सायरनों से ध्वनि प्रसारण कर 2 मिनट के मौन संकेत प्रसारित किए जाएंगे। जिसके बाद जिले में सामूहिक मौन रखा जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से मौन संकेत प्रसारण के लिए जिले के 8 स्थानों पर 10 सायरनों प्रयोग किया जाएगा। पहला सायरन सुबह 10:59:15 बजे बजेगा, जिससे मौन रखने की शुरुआत की जाएगी। 2 मिनट का मौन समाप्त होने पर 11:02 बजे मौन समाप्ति का सायरन बजेगा।

### राज्यपाल कलराज मिश्र के घुटने का ऑपरेशन आज



**जयपुर।** प्रदेश के राज्यपाल कलराज मिश्र को अस्वस्थता के चलते सोमवार को सीके बिरला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है राज्यपाल को लंबे समय से घुटने में दर्द की समस्या है। उन्हें चिकित्सकों ने घुटने का ऑपरेशन करवाने की सलाह दी है। इसलिए मंगलवार को राज्यपाल के बाएं घुटने का ऑपरेशन किया जाएगा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**राज्यसभा चुनाव:** 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों पर होगा चुनाव... 27 फरवरी को होगा मतदान और परिणाम

# राजस्थान में पूर्व PM मनमोहन सिंह सहित 3 सीटों पर होगा चुनाव

- केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव की सीट भी होगी रिक्त और डॉ. किरोड़ी मीणा दे चुके इस्तीफा
- 50 सदस्य 2 और 6 सांसद 3 अप्रैल को होंगे सेवानिवृत्त

एजेंसी | नई दिल्ली

राजस्थान की तीन राज्यसभा सीटों के साथ ही 15 राज्यों की 56 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 27 फरवरी को होगा। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को यह ऐलान किया है। आयोग ने बताया कि 50 सदस्य दो अप्रैल को, जबकि छह सदस्य तीन अप्रैल को सेवानिवृत्त होंगे। जिन राज्यों से सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उनमें आंध्र प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और राजस्थान शामिल हैं। राजस्थान की जो तीन सीटें खाली हो रही हैं, उनमें पूर्व पीएम मनमोहन सिंह और केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की सीट शामिल है। वहीं, डॉ. किरोड़ी लाल मीणा की सीट विधायक चुने जाने पर राज्यसभा से इस्तीफा देने के कारण रिक्त हुई है।







### किन राज्यों में कितनी सीटों पर इलेक्शन

चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार आंध्र प्रदेश की तीन राज्यसभा सीटों, बिहार में छह सीटों, छत्तीसगढ़ में एक सीट पर, गुजरात में चार सीटों, हरियाणा में एक सीट पर, हिमाचल प्रदेश में एक सीट पर, कर्नाटक में चार सीटों, मध्य प्रदेश में पांच सीटों, महाराष्ट्र में छह सीटों, तेलंगाना में तीन सीटों, उत्तर प्रदेश में 10 सीटों, उत्तराखंड में एक सीट पर, पश्चिम बंगाल में पांच सीटों, ओडिशा में तीन सीटों और राजस्थान में तीन सीटों पर चुनाव होने हैं।

### नड्डा को छोड़ना पड़ेगा अपना राज्य

जिन सांसदों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, उनमें अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव, मनसुख मंडाविया और पूर्व पीएम मनमोहन सिंह आदि का नाम शामिल है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल भी इसी साल खत्म हो रहा है। जेपी नड्डा अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा सांसद हैं। अब जेपी नड्डा को हिमाचल प्रदेश से अलग किसी अन्य राज्य से चुनाव लड़ना होगा, क्योंकि वहां भाजपा आंकड़ों में कांग्रेस से पिछड़ गई है।

### अखिलेश को हो सकती है मुश्किल

बिहार 6 सीटों में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह की सीट भी शामिल है। वे आरजेडी की मदद से राज्यसभा पहुंचने में कामयाब रहे थे, मगर इस बार लेफ्ट ने दावा ठोक दिया तो उनके लिए मुश्किल हो जाएगी।

**विधानसभा सत्र:** हंगामे के बीच बिना बहस दो बिल पारित


# ERCP को लेकर कांग्रेस विधायकों का हंगामा

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के 13 जिलों की पानी की समस्या दूर करने के लिए मंगलवार को हुए ईआरसीपी पर एमओयू के मामले में विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने सरकार से जवाब की मांग करते हुए सदन में हंगामा और नारेबाजी की। वहीं, ईआरसीपी के मुद्दे पर पहले सरकार ने सदन को जानकारी नहीं दी, इस पर कांग्रेस ने सवाल उठाते हुए हंगामा किया। वहीं, बीजेपी विधायक जसवंत यादव ने कहा कि डेढ़ माह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करवा लाए, आप लोग ताली तो बजा दो। कांग्रेस विधायकों के हंगामे के बीच सदन में जीएसटी संशोधन बिल और जल प्रदूषण रोकथाम का कानून बनाने का शासकीय संकल्प बिना बहस ही पारित हुआ। कांग्रेस विधायक वैल में आकर लगातार 'ईआरसीपी पर जवाब दो' के नारे लगाते रहे। इसके बाद स्पीकर वासुदेव देवनानी ने इसे सदन की परम्परा नहीं बताते हुए विपक्ष को फटकारा। भारी हंगामे के बीच उन्होंने 1 बजकर 4 मिनट पर आधे घंटे के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

### कांग्रेस के विधायकों ने वैल में आकर मांगा जबाव

- स्पीकर वासुदेव देवनानी ने फटकार लगाते हुए कहा... ये हमारी परम्परा नहीं, सदन के बाहर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने पूर्व सीएम गहलोत पर लगाए आरोप







### नेता प्रतिपक्ष जूली ने उठाया मुद्दा

शून्यकाल की कार्यवाही खत्म होते ही नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने ईआरसीपी पर सदन के बाहर फैसला करने का मुद्दा उठाया। जूली ने कहा कि सदन चल रहा है, सदन के प्रति पूरे मंत्रिमंडल की सामूहिक जिम्मेदारी होती है। ऐसे समय ईआरसीपी योजना का एमओयू कर लिया और सदन को अवगत तक नहीं कराया गया। इस पर स्पीकर ने जब उन्हें आगे बोलने की अनुमति नहीं दी तो नाराज कांग्रेस विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी शुरू कर दी। कांग्रेस सदस्यों का तर्क था कि परम्परा रही है कि विधानसभा सत्र चल रहा हो तो कोई भी बड़ा फैसला करने से पहले उसकी जानकारी सदन में दी जाती है। सदन से पहले उसकी जानकारी बाहर नहीं दी जाती है। सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होने पर राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस में बोलते हुए बीजेपी विधायक जसवंत यादव ने कहा कि जो फैसला पांच साल में कांग्रेस सरकार नहीं करवा पाई। वो फैसला डेढ़ माह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा करवा लाए। इस पर आप लोग ताली तो बजा दो।

### विधानसभा में गूंजा हिजाब का मुद्दा

विधायक बालमुकुंद आचार्य के हिजाब संबंधी एक बयान पर विधायक रफीक खान ने सदन में उठाते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस के दिन बीजेपी विधायक गंगपोल स्कूल में जाते हैं और कहते हैं कि यहां हिजाब पर पाबंदी है। विधायक रफीक खान ने कहा कि किस हैसियत से विधायक वहां जाते हैं? जिस दिन संविधान लागू हुआ। उसी दिन संविधान का उल्लंघन करते हैं। तो, आचार्य कहा कि उन्होंने कुछ अशोभनीय नहीं कहा। ■ पेज 3 भी



**सीएम शर्मा को बताया राज्य का भागीरथ:** ईआरसीपी पर एमओयू के बाद सीएम भजनलाल शर्मा के सोमवार को विधानसभा पहुंचने पर बीजेपी विधायकों ने उनका स्वागत किया। विधायकों ने सीएम शर्मा को राजस्थान का भागीरथ बताया।

**ईआरसीपी को लेकर गहलोत ने कभी नहीं की मुलाकात: शेखावत:** इधर, केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते न तो गहलोत ने पीएम या मुझसे ईआरसीपी पर बात नहीं की। इसे सिर्फ राजनीतिक गोटी की तरह इस्तेमाल किया। शेखावत ने कहा कि जब मैंने अपने मंत्रालय के तहत 2023 में हुई एक बैठक में इस संबंध में बात की, तब तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव सुबोध अग्रवाल बताया कि हमें ईआरसीपी पर काम करने के लिए सीएम के स्तर पर पॉलिटिकल अप्रूवल ही नहीं मिली है।

**एसीबी की ट्रैप की कार्रवाइयों पर उठे सवाल**

# जो घूस लेते पकड़े गए, उन्हें दी जा रही है क्लीनचिट

ओम प्रकाश शर्मा | बेधड़क

**जयपुर।** एसीबी के अधिकारियों ने जिन घूसखोरों को रंगे हाथों घूस लेते ट्रैप किया, उनके प्रकरणों में फाइल पर 'कोई साक्ष्य नहीं' लिखकर एफआर लगा रहे हैं। ऐसे में एसीबी के अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। सवाल है कि जब आरोपियों के खिलाफ घूस लेने के कोई साक्ष्य ही नहीं थे तो उनको गिरफ्तार क्यों किया गया था? जबकि ट्रैप की कार्रवाई सत्यापन करने के बाद ही की जाती है। एसीबी ने वर्ष 2018 से 2023 तक ट्रैप, आय से अधिक संपत्ति व पद के दुरुपयोग के करीब 2,400 मामले दर्ज किए। इनमें 90 फीसदी से ज्यादा मामले ट्रैप के थे। एसीबी ने इनमें से 5 से 10 फीसदी मामलों में हर साल एफआर लगा फाइल बंद कर दी। इस तरह छह साल में करीब 180 मामलों में एफआर लगा दी गई।

### एसीबी अफसर अब फाइल पर 'साक्ष्य नहीं मिले' लिखकर लगा रहे एफआर



### IAS के खिलाफ भी 'साक्ष्य' नहीं मिले

एसीबी ने जून 2021 में श्रम विभाग के तत्कालीन आयुक्त प्रतीक झाझड़िया को 3 लाख रुपए की घूस लेने के मामले में गिरफ्तार किया था। एसीबी को झाझड़िया के घर पर पांच लाख रुपए मिले थे। वहीं, श्रम कल्याण अधिकारी रमेश मीणा के करौली स्थित घर से करीब 11 लाख रुपए बरामद हुए थे। इसके बावजूद एसीबी ने अपनी ही एफआईआर में उल्लेखित आरोप साबित नहीं माने और झाझड़िया व उसके ओएसडी रवि मीणा व दलाल अमित को क्लीनचिट दे कोर्ट में एफआर पेश कर दी।

### क्लीनचिट मिली और हो गए बहाल

एसीबी ने चार साल पहले दहेज हत्या के आरोपियों की गिरफ्तार के बदले 50 हजार की रिश्वत लेते नोखा के तत्कालीन डीएसपी महमूद खान को गिरफ्तार किया था। यह रिश्वत मृतका के ससुराल वालों को गिरफ्तार करने की एवज में ली गई थी। इस मामले में एसीबी ने पिछले साल एफआर लगा दी। कारण वही- 'घूस मांगने के साक्ष्य नहीं और अभियोजन स्वीकृति नहीं' बताया।

### अभियोजन की स्वीकृति के बाद भी क्लीनचिट

एसीबी ने वर्ष 2020 में श्रीगंगानगर के जवाहर नगर थाने के कांस्टेबल को फार्मा संचालक से 10 लाख रुपए की घूस लेते दबोचा था। आरोपी ने यह राशि थाना प्रभारी राजेश सिहाग के लिए ली थी। एसीबी ने सिहाग के विरुद्ध केस चलाने के लिए पुलिस मुख्यालय से अभियोजन स्वीकृति भी ले ली, लेकिन फिर सिहाग को क्लीनचिट दे दी।

# सूडान में 52 लोगों की गोली मारकर हत्या

एजेंसी | खार्तूम

सूडान के अबेई गांव में बंदूकधारियों और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प हो गई, जिसमें कुल 52 लोगों की मौत हो गई और 64 लोग घायल हो गए। मृतकों में संयुक्त राष्ट्र का एक शांतिदूत भी शामिल है। सूडान में सक्रिय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार अबेई के सूचना मंत्री बुलिस कोच ने घटना को लेकर कहा कि कुछ बंदूकधारियों ने अचानक हमला कर दिया। हालांकि, हमला किस वजह से किया गया है, ये अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। उन्होंने संदेह जताया है कि यह हमला भूमि विवाद से जुड़ा हुआ हो सकता है। कोच ने कहा कि इस हिंसा में शामिल हमलावर नुएर जनजाति के थे और भारी मात्रा में हथियारों से लैस थे।



**झुक गया ड्रैगन!**

# चीन तनाव के बीच 15 महीने बाद भारत में नियुक्त कर सकता है राजदूत

- वरिष्ठ राजनयिक जू फीहोंग को बनाया जा सकता है भारत में एंबेसडर
- फीहोंग अफगानिस्तान और रोमानिया में रह चुके हैं राजदूत
- वेइडोंग के अक्टूबर 2022 में चले जाने के बाद नहीं आया कोई राजदूत



जू फीहोंग

एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय सीमा पर चल रही तनातनी के बीच चीन भारत के लिए अपने अगले एंबेसडर की नियुक्ति कर सकता है। हालांकि, सीमा विवाद को लेकर बातचीत के बीच पूर्वी लद्दाख में सैनिकों की वापसी और डी-एस्केलेशन प्रक्रिया में अहम प्रगति हुई है। ऐसे में संकेत मिले हैं कि करीब 15 महीने से भारत में चीन का कोई भी राजदूत नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक वरिष्ठ राजनयिक जू फीहोंग को चीन भारत का एंबेसडर नियुक्त कर सकता है। जू फीहोंग अफगानिस्तान में राजदूत के रूप में काम कर चुके हैं। इसके अलावा वे रोमानिया में भी चीन के राजदूत रह चुके हैं।

### 2022 से नहीं की हुई नियुक्ति

जू फीहोंग रोमानिया में भी चीन के राजदूत भी रहे हैं। वे वर्तमान में विदेश मामलों के सहायक मंत्री के रूप में तैनात हैं। नए दूत की नियुक्ति की औपचारिकताएं अभी भी पूरी नहीं हुई हैं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि वह वास्तव में कब पद संभालेंगे। भारत में चीन के पिछले राजदूत सन वेइडोंग, अक्टूबर 2022 में चले गए थे। नए राजदूत की नियुक्ति में देरी दशकों में द्विपक्षीय संबंधों में आई खटास के चलते हुई बताई जा रही है। इस अशांत चरण का दौर साल 2020 के गलवान संघर्ष और बीजिंग की अनिच्छा से शुरू हुआ। दोनों पक्षों की तरफ से भारी तैनाती के कारण सीमा पर स्थिति अभी भी असामान्य है।

### संबंधों में अंतर आने की गुंजाइश नहीं

यद्यपि भारत को राजदूत का स्वागत करने में खुशी होगी, लेकिन इससे संबंधों की वर्तमान स्थिति में कोई महत्वपूर्ण या तत्काल अंतर आने की संभावना नहीं है। खासकर जब भारत में चुनाव होने वाले हैं। सरकार ने यह कहना जारी रखा है कि जब तक चीन पूर्वी लद्दाख में स्थिति को पूरी तरह से पहले जैसा बहाल नहीं करता है, तब तक संबंध सामान्य नहीं हो सकते हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक साक्षात्कार में कहा था कि भारत को चीन पर दृढ़ता और धैर्य दिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीमा मुद्दे से परे, यह इस बारे में भी है कि भारत को एक रणनीतिक इकाई के रूप में कैसे देखा जाता है।



### सीमा मुद्दा द्विपक्षीय संबंधों से अलग: चीन

चीन का कहना है कि सीमा मुद्दे को द्विपक्षीय संबंधों से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। यानी ड्रैगन इशारा कर रहा है कि दोनों पक्षों ने पूर्वी लद्दाख में चार स्थानों पर चीजों को सुलझाने की दिशा में अहम प्रगति हासिल की है। हालांकि, देपसांग और डेमचोक जैसे अन्य स्थानों पर गतिरोध अभी तक बरकरार है। दोनों पक्षों ने गतिरोध को हल करने के लिए कोर कमांडर-स्तरीय बैठक के 20 दौर आयोजित किए हैं। इसमें अब बचे मुद्दों के समाधान और अंतरिम में जमीन पर शांति बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## जरूरी खबर

### पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा के आवेदन अब कल तक




**जयपुर।** राजस्थान विश्व-विद्यालय की पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा 2021-22 में आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 31 जनवरी कर दी है। गौरतलब है कि पूर्व में सोमवार को अंतिम तिथि रहने के कारण अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर आवेदन करने में दिक्कत हो रही थी। ऐसे में विवि प्रशासन ने पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा आवेदन की तारीख बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके आदेश कन्वीनर रश्मि जैन ने जारी किए है। आदेश के अनुसार अब परीक्षा के आवेदन 31 जनवरी को रात 11.59 बजे तक आवेदन किए जा सकेंगे। जबकि आवेदन में किसी तरह की परेशानी होने पर 31 जनवरी तक शाम 6 बजे तक पूछताछ की जा सकेगी।

### 108 अब छह माह तक अत्यावश्यक सेवा घोषित

**जयपुर।** राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर 108 आपात कालीन सेवाओं के साथ 104 जननी एक्सप्रेस सेवा, ममता एक्सप्रेस, 104 चिकित्सा परामर्श सेवाओं एवं कॉल सेंटर सेवाओं को आगामी छह माह तक अत्यावश्यक सेवा घोषित किया है। गृह विभाग के शासन उप सचिव महेश कुमार शर्मा ने बताया कि 108 आपात कालीन सेवाओ के साथ-साथ 104 जननी एक्सप्रेस सेवा, ममता एक्सप्रेस, 104 चिकित्सा परामर्श सेवाओं एवं कॉल सेन्टर सेवाओं में हडताल होने से प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जिसके परिणामस्वरूप जनता को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

### हैदराबाद-जयपुर स्पेशल ट्रेन की अवधि बढ़ाई



**जयपुर।** रेलवे की ओर से अतिरिक्त यात्री भार को देखते हुए हैदराबाद-जयपुर साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि बढ़ाई गई है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 07115/07116, हैदराबाद-जयपुर-हैदराबाद साप्ताहिक स्पेशल रेल सेवा की संचालन अवधि हैदराबाद से 2 फरवरी से 29 मार्च बढ़ाई है। वहीं जयपुर से 4 फरवरी से 31 मार्च तक विस्तार किया जा रहा है। इधर दूसरी ओर गाड़ी संख्या 22737/22738, सिकंदराबाद-हिसार एक्सप्रेस रेलसेवा का गदवाल स्टेशन पर ठहराव 6 माह की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है।

**परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम:** राजसमंद के छात्र धीरज सुथार के सवाल पर पीएम मोदी ने कहा...

# मोबाइल की तरह शरीर को चार्ज करने के लिए व्यायाम जरूरी

बेधड़क | जयपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विद्यार्थियों के साथ संवाद का 'परीक्षा पे चर्चा-2024' का आयोजन हुआ। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी ने छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से बातचीत करते हुए परीक्षा में होने वाले तनाव और सफलता की तैयारी पर चर्चा की।

कार्यक्रम के दौरान राजसमंद के छात्र धीरज सुथार ने पीएम मोदी से संवाद करते हुए सवाल पूछा कि व्यायाम के साथ-साथ पढाई को कैसे मैनेज करें, क्योंकि शारीरिक स्वास्थ्य भी उतना ही जरूरी है, जितना मानसिक स्वास्थ्य। धीरज के सवाल पर प्रधानमंत्री ने कहा कि आप में से बहुत से विद्यार्थी मोबाइल का उपयोग करते होंगे। कुछ ऐसे भी होंगे जिन्हें घंटों मोबाइल चलाने की आदत होगी।

जिस तरह मोबाइल को समय-समय पर चार्ज करना पड़ता है, उसी तरह शरीर को चार्ज रखने के लिए व्यायाम की आवश्यकता होती है। हर समय पढ़ाई करना और अन्य गतिविधियां बंद कर देना सही नहीं है। इस तरह जीवन नहीं जी सकते। जीवन को संतुलित बनाना जरूरी है। स्वस्थ नहीं रहेंगे तो कुछ भी करने का सामर्थ्य खो देंगे। स्वस्थ मन के लिए स्वस्थ शरीर जरूरी है। धीरज सुथार राजसमंद के देवगढ ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल कुंडवा में कक्षा 12वीं में अध्ययनरत है। धीरज सुथार ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित परीक्षा-पे-चर्चा कार्यक्रम ये सवाल पीएम से पूछा।

### पर्याप्त नींद स्वास्थ्य के लिए आवश्यक

प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन में कुछ नियमितताएं होती हैं। सनलाइट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा, सोचिए कितना समय आप सनलाइट में बिताते हैं, आप सनलाइट में भी किताब लेकर पढ़ सकते हैं। पर्याप्त नींद पर जोर देते हुए पीएम ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ रात को पर्याप्त नींद भी जरूरी है। सोने के समय भी कई लोग रील देखते हैं और फिर देखते ही रहते हैं, इसमें काफी समय यूं ही निकल जाता है। आधुनिक विज्ञान भी नींद को बहुत तवज्जो देता है। पर्याप्त नींद स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं नींद गुणवत्तापूर्ण हो यह भी जरूरी है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने न्यूट्रिशन और संतुलित आहार पर भी जोर दिया।

### राजभवन में किया लाइव प्रसारण

'परीक्षा पे चर्चा-2024' कार्यक्रम का राजभवन में लाइव प्रसारण किया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र राजभवन के महाराणा प्रताप लॉन में विद्यार्थियों के साथ इस जीवंत प्रसारण के साक्षी बने। राज्यपाल कलराज मिश्र के साथ ही इस कार्यक्रम में राजधानी के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया। बाद में राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि परीक्षा में सफलता इस बात पर निर्भर करती हैं कि आप उसके प्रति कितने प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को धैर्य, संयम और पूर्ण एकाग्रता के साथ परीक्षा देने, परीक्षा में प्रश्न अच्छी तरह से समझकर, सहज, सजग होकर प्रश्न हल करने के सूत्र भी दिए। इस अवसर पर राज्यपाल के मुख्य सचिव सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी गोविंदराम जायसवाल भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का देश के विभिन्न विद्यालयों में भी लाइव प्रसारण किया गया। इनमे केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से जुड़े एक हजार से अधिक विद्यालय, 77 केंद्रीय विध्यालय, नवोदय विद्यालय व राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से जुड़े विद्यालय भी शामिल हैं।

**ERCP पर डॉ. किरोड़ी और सीपी जोशी ने** कांग्रेस पर बोला हमला

# CM भजनलाल भागीरथ बनकर आए, कांग्रेस ने योजना अटकाई

बेधड़क | जयपुर

ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट को लेकर राजस्थान और मध्य प्रदेश सरकार के बीच हुए एमओयू के बाद भाजपा कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। लोकसभा चुनाव से पहले हुए इस समझौते को भाजपा चुनावों में भुनाने का कोई मौका नहीं छोड़ना चाहती। मंगलवार को इसी संदर्भ में ग्रामीण विकास विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने पूर्ववती गहलोत सरकार को जमकर कोसा और सीएम भजनलाल के कार्यों को सराहा।

मंत्री किरोडी ने ईआरसीपी का मुद्दा हल करने पर सीएम भजनलाल शर्मा की तुलना भागीरथ से की है। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी की नई योजना से राजस्थान को पहले से ज्यादा पानी मिलेगा। इस योजना से सीएम भजनलाल शर्मा भागीरथ बनकर आए हैं।

प्रदेश भाजपा मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए किरोड़ीलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 जिलों के किसानों का भाग्य खोलने का काम किया है। बीजेपी के संकल्प पत्र में घोषणा की गई थी कि हमारी सरकार आई तो ईआरसीपी को पूरा करेंगे और इसको कुछ ही समय में मूर्त रूप दे दिया। अब यह राष्ट्रीय परियोजना घोषित हो गई। 2 राज्य शामिल होने से इसे राष्ट्रीय परियोजना बनाने में आसानी हुई। एक राज्य होता तो 75 फीसदी वाटर डिपेंडेबिलिटी होती। इसका 90 फीसदी खर्च केंद्र वहन करेगा। वहीं 10 फीसदी खर्च मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार मिलकर वहन करेंगे।




### गहलोत ने कर्ज लेकर बांटीं रेवड़ियां

किरोड़ीलाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बयान देते थे कि या तो केंद्र ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करें, नहीं तो राजस्थान सरकार इसका काम पूरा करेगी, लेकिल गहलोत ने कुछ नहीं किया। वे केवल खजाना खाली करके गए। गहलोत 5 लाख 78 हजार करोड़ रुपए का कर्ज भार चढ़ा गए और कर्ज लेकर रेवड़ियां बांटीं। उदाहरण के लिए दूदू को जिला बनाया, जहां केवल तीन थाने हैं। गहलोत रेवड़ियां बांटकर वोट लेना चाहते थे, लेकिन जनता उनकी चाल को समझ गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में जानबूझकर या गलती से कहिए ईआरसीपी में सही काम नहीं हुआ। गहलोत ने कमलनाथ को पत्र लिखा था कि ईआरसीपी पर मध्यपदेश की सहमति चाहिए। कमलनाथ ने सहमति से मना कर दिया।

### ERCP पर कांग्रेस ने 5 साल सिर्फ बातें की

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने ईआरसीपी को लेकर कहा कि कांग्रेस ने केवल तीन जिलों की योजना बनाई थी। ईआरसीपी के नए प्रोजेक्ट में राजस्थान को ज्यादा पानी मिलेगा। कांग्रेस के लोग बेवजह आरोप लगा रहे हैं। कांग्रेस ने ईआरसीपी को लेकर पांच साल केवल बातें कीं, कुछ काम नहीं किया।

### पीएम ने जो कहा, वह करके दिखाया: जोशी

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि लोग मोदी की गारंटियों पर इसीलिए विश्वास करते हैं कि उन्होंने जो कहा वह करके दिखाया। हमने संकल्प पत्र में कहा था कि डबल इंजन की सरकार बनते ही ईआरसीपी को प्राथमिकता में रखा जाएगा। कांग्रेस सरकार ने ईआरसीपी की योजना कम क्षेत्र के लिए बनाई थी। ईआरसीपी पर सरकार ने जो कहा वह किया है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय नदियों को जोड़ने की शुरुआत हुई थी, उसे अब फिर से चालू किया है। जोशी ने कहा कि ईआरसीपी से 83 विधानसभा सीटों और राजस्थान की आबादी के 40 फीसदी हिस्से को फायदा होगा। कांग्रेस की सरकार को चुनावी वक्त में वादे याद आए थे। कांग्रेस राज में आनन-फानन में बिना किसी बजट के घोषणाएं करने की परिपाटी रही है।

# लंबे संघर्ष को मिला मुकाम, PM और CM का जताया आभार



बेधड़क | जयपुर

ईआरसीपी को लेकर मध्यप्रदेश और राजस्थान सरकार के बीच हुए समझौते के लिए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति के अध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना और मुख्य संयोजक एडवोकेट रविन्द्र मीना ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को भी धन्यवाद दिया है।

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत ने बताया कि भामाशाह रामनिवास मीना और मुख्य संयोजक रविन्द्र मीना के नेतृत्व में बीते तीन सालों से ईआरसीपी की स्वीकृति के लिए पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों किसान संघर्ष कर रहे थे। ईआरसीपी की जागरूकता के लिए 13 जिलों में कई किसान महापंचायतें आयोजित करने के साथ ही महिला महापंचायतों का बडे स्तर पर आयोजन किया और 'चंबल की चिट्ठी' फिल्म गांव-गांव में दिखाई गई। इसके साथ ही जल पुरुष राजेन्द्र सिंह व सामाजिक नेता अन्ना हजारे की उपस्थिति में जनसभाएं कर आमजन को जागरूक किया गया।

इसके साथ ही पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों में हस्ताक्षर अभियान चलाया और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को चंबल का जल भेंट किया गया। भाजपा नेता रामनिवास मीना ने कहा है कि इस परियोजना से पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों की पेयजल समस्या का समाधान होगा।

**हनुमान बेनीवाल के बाद** लाडनूं विधायक की सुरक्षा बढ़ाई

# कांग्रेस विधायक भाकर की जान को खतरा, कमांडो तैनात

### खुफिया एजेंसियों को इनपुट मिलने के बाद उठाया कदम

बेधड़क | जयपुर

लाडनूं विधानसभा सीट से कांग्रेसी विधायक मुकेश भाकर की सुरक्षा अचानक से बढ़ा दी गई है। सूत्रों के अनुसार कुछ खुफिया इनपुट के बाद उनके लाडनूं और जयपुर आवास पर क्विक रेस्पोंस टीम (क्यूआरटी) को तैनात कर दिया गया है। विधायक की सुरक्षा में तैनात ये जवान आधुनिक हथियारों से लैस रहेंगे।



इससे पहले राजस्थान लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और अपनी पार्टी के एकमात्र विधायक हनुमान बेनीवाल के भी सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। उनके आवास पर भी क्यूआरटी टीम को तैनात कर किया गया था। गौरतलब है कि पिछले साल अप्रैल महीने में लॉरेंस गैंग के रोहित गोदारा ने भाकर को जान से मारने की धमकी दी है। भाकर ने इस संबंध में मामला भी दर्ज करवाया था।

रिपोर्ट में बताया गया था कि 2 नंबरों से लगातार मुकेश भाकर के फोन पर कॉल आए। फोन करने वाले ने खुद को गैंगस्टर रोहित गोदारा बताया और जान से मारने की धमकी दी। मुकेश भाकर को सचिन पायलट के सबसे खास विधायकों में से माना जाता है।

**खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने** विधानसभा में दिया जवाब

# खाद्य सुरक्षा का दायरा बढ़ाने की मांग

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में वर्ष 2011 की जनगणना के बाद बढ़ी हुई आबादी के अनुरूप राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के दायरे में आने वाले परिवारों की संख्या में 15 प्रतिशत की वृद्धि करने के प्रयास शुरू हुए हैं।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने सुमित गोदारा ने सोमवार को विधानसभा में यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 29 दिसम्बर को केंद्रीय खाद्य मंत्री को पत्र लिखकर ने यह मांग रखी है।

मंत्री गोदारा ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 की धारा 9 के प्रावधान के अनुसार किसी भी राज्य की जनसंख्या के प्रकाशन योग्य सुसंगत आंकड़ों के कवरेज क्षेत्र में तभी संशोधन किया जाएगा, जब आंकड़े नई जनसंख्या के अनुसार प्रकाशित किए जाएंगे। खाद्य मंत्री ने कहा कि राजस्थान में 4 करोड़ 46 लाख की सीलिंग सीमा निर्धारित है। नई जनसंख्या के सुसंगत आंकड़े प्रकाशित नहीं होने तक इस सीमा में संशोधन नहीं किया जा सकता है। इससे पहले विधायक छगन सिंह राजपुरोहित के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि खाद्य सुरक्षा योजना से किसी भी पात्र व्यक्ति का नाम नहीं हटाया गया है।



राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नए पात्र व्यक्ति का नाम खाद्य सुरक्षा योजना में सम्मिलित करने के लिए अपीलीय प्रक्रिया लागू है, जिसके तहत पात्र व्यक्ति निर्धारित आवेदन पत्र के साथ समावेशन पात्रता श्रेणी के आधारभूत दस्तावेज संलग्न कर संबंधित क्षेत्र के उपखंड अधिकारी के समक्ष ऑनलाइन अपील प्रस्तुत कर सकता है।

**उत्तर भारत में बन रहा मौसम चक्र**

# प्रदेश में एक्टिव होगा नया वेदर सिस्टम, 31 से कई जगह बारिश की संभावना



फोटो: राजेश कुमावत

### चूरू में बारिश से सर्दी बढी, गंगानगर और हनुमानगढ़ में घना कोहरा छाया

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में लंबे समय बाद चूरू के कुछ हिस्सों में रविवार रात हल्की बारिश हुई है। राज्य के मौसम में आए इस बदलाव से न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि एक नया वेदर सिस्टम 31 जनवरी से उत्तर भारत में एक्टिव होगा।

इसके असर से राज्य में बारिश हो सकती है। इस सिस्टम का असर उत्तरी राजस्थान के गंगानगर, हनुमानगढ़ एरिया में देखने को मिल सकता है। वहीं, सोमवार को उत्तर-पूर्वी हिस्सों में आसमान साफ रहा, लेकिन दिन निकलने के साथ ही कोहरा छाने लगा। जयपुर, सीकर, चूरू, नागौर, बीकानेर, अलवर और गंगानगर, हनुमानगढ़ के कुछ हिस्सों में सुबह कोहरा छाने के साथ हल्की सर्द हवा रही। गंगानगर, हनुमानगढ़ के एरिया में सुबह घना कोहरा रहने से विजिबिलिटी कम रही। इसके चलते वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### जैसलमेर-उदयपूर के तापमान में बढ़ोतरी

उधर जैसलमेर, जोधपुर, पाली, सिरोही, बाड़मेर, जालोर, उदयपुर, डूंगरपुर में हल्के बादल छाए रहे। बादल छाने से इन शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ गया। हिल स्टेशन माउंट आबू में रविवार को तापमान शून्य पर था, वह बढ़कर सोमवार को 5 डिग्री सेल्सियस पर आ पहुंच गया। उदयपुर में तापमान 3 डिग्री बढ़कर 11.4 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जयपुर, अजमेर, कोटा, बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, गंगानगर में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ। चूरू में तापमान गिरकर 8.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया।

### दिन के तापमान में रहा उतार-चढ़ाव

दिन के तापमान में भी कई शहरों में उतार-चढ़ाव रहा। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 2.7 डिग्री बढ़कर 28.7 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज हुआ। उदयपुर में भी दिन का तापमान तीन डिग्री बढ़कर 27 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जयपुर, अजमेर, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर, सीकर में भी रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के नजदीक रिकॉर्ड हुआ।

### मौसम में दिखेगा बदलाव

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक उत्तर भारत में एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ 31 जनवरी को एक्टिव होगा। इसका असर उत्तर भारत के साथ पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और उत्तर प्रदेश के इलाकों में देखने को मिलेगा। इस सिस्टम से हरियाणा, पंजाब की सीमा से लगते जिलों में भी बादल छा सकते है और कुछ स्थानों पर बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है।

## जरूरी खबर

### RPSC ने जारी किया काउंसलिंग कार्यक्रम



**जयपुर।** आरपीएससी ने वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2022 के जारी कुल 6 विषयों की विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों का काउंसलिंग कार्यक्रम जारी किया गया है। आयोग सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि आयोग द्वारा उक्त परीक्षा के तहत पात्रता जांच के लिए 8 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक विभिन्न विषयों की विचारित सूचियां जारी की गई थी। इन सूचियों में सम्मिलित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग का आयोजन 5 फरवरी से 9 फरवरी 2024 तक आयोग कार्यालय में निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जाएगा। काउंसलिंग के लिए अभ्यर्थियों को निर्धारित समय से 30 मिनट पहले काउंसलिंग स्थल पर उपस्थित होने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

### आज से 'स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान'

**जयपुर।** जिले में मंगलवार से 13 फरवरी तक 'स्पर्श कुष्ठ जागरुकता अभियान' का आयोजन किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. विजय सिंह फौजदार ने बताया कि इस बार अभियान "कलंक मिटाएं, गरिमा अपनाए" थीम आधारित होगा। जिसमें 30 जनवरी को कुष्ठ दिवस पर जिला कलेक्टर की ओर से जनता के नाम कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता के लिए संदेश, ग्राम सभा प्रमुख (सरपंच) की ओर से ग्राम सभा के सदस्यों से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों से भेदभाव दूर करने की अपील के साथ ही प्रश्नोत्तरी कार्यक्रमों का आयोजन होगा। अभियान के अंतर्गत 31 जनवरी से 13 फरवरी तक जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर प्रचार-प्रसार गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## जयपुर डिस्कॉम की ओर से चार घंटे बिजली बंद, आमजन को होगी परेशानी

# मेंटनेंस कार्य के चलते कई इलाकों में आज बिजली कटौती

**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी में मंगलवार को बिजली कटौती से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। जयपुर डिस्कॉम की ओर से 40 से अधिक कॉलोनियों में बिजली लाइन मेंटनेस के चलते आपूर्ति बाधित रहेगी। इन इलाकों में 4 घंटे तक अलग-अलग शिफ्ट में कटौती की जाएगी। पहली शिफ्ट में सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक कटौती होगी। वहीं दूसरी शिफ्ट में सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक तीसरी शिफ्ट में दोपहर 12 से 4 बजे तक बिजली कटौती होगी। इससे उद्योगों पर भी असर पड़ेगा।



### सुबह 11 बजे से यहां शट डाउन

राजधानी के ऑफिसर्स कैंपस विस्तार और आस-पास का इलाके सुबह 11 बजे से 3 बजे तक बिजली कटौती होगी। वहीं दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक सांगानेर क्षेत्र में सुमेर नगर, पटेल नगर, डिप्टी सीएम हाउस और आस-पास के क्षेत्र में बिजली कटौती होगी।

### इन इलाकों में सुबह 10 बजे से कटौती

राजधानी के फिरदौस मस्जिद, कब्रिस्तान, 90 फीट रोड, रूबी एन्टर प्राइजेज, आर. के. रेस्टोरेंट, भट्टा बस्ती, भौम्या बस्ती हाउसिंग बोर्ड, रामनगर थाना, शास्त्री नगर वाटर वर्क्स 9 दुकान, सेक्टर न.4 न्यू जालुपुरा, रामनगर शोपिंग सेंटर, राम पार्क, तेरापंथी कॉलेज, खंडेलवाल कॉलेज, सेक्टर न. 1,2,3 भट्टा बस्ती सब्जी मंडी में बिजली कटौती रहेगी। इसी तरह 16न. बस स्टैंड गुर्जरों का चौक, जे.पी. कॉलोनी, गैलेक्सी हॉस्पिटल, खड्डा पार्क, हरी नगर, शास्त्री नगर -5 पी & टी कॉलोनी टेलिफोन एक्सचेंज, झुलेलाल मन्दिर पेट्रोल पम्प रोड, शनि मन्दिर, मयूर कॉम्प्लेक्स अभिनन्दन टावर, सेक्टर न. 4, चांदमारी, टिवेश्वर महादेव, व्यास कॉलोनी, रावण का चौराहा, शिवाजी नगर, बिलाल मस्जिद, टाटा नगर, गुर्जर कॉलोनी, कल्पतरु शॉपिंग सेंटर, रेलवे कॉलोनी, पटेल नगर, सतीमाता मन्दिर, पेंटर कॉलोनी, भगवती प्लाजा, राणा कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 5, सुभाष नगर, बाजोरिया स्कूल, शास्त्री नगर सर्किल, शास्त्री नगर कब्रिस्तान, सिन्धु नगर, भट्टा बस्ती थाना, 17 न. बस स्टैंड, विजय नगर, न्यू संजय नगर, भट्टा बस्ती, सेक्टर 5, और आस पास के इलाके में बिजजली कटौती होगी। साथ ही नारायणपुरी, केंद्रीय विद्यालय-4 हटवाड़ा सब्जी मंडी, घोड़ा फार्म, फातिमा कॉलोनी और आसपास के इलाके में बिजली कळोती हैं।

### उपभोक्ताओं 24 घंटे बिजली देने की घोषणा

ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने सोमवार को विधानसभा में प्रदेश में प्रतिदिन कृषि उपभोक्ताओं को 6 घंटे व आम उपभोक्ताओं को 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध करवाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि पिछले 5 वर्षों में बिजली तंत्र के विस्तार एवं प्रसारण तंत्र में अपेक्षानुरूप कार्य नहीं हुए। ऊर्जा राज्यमंत्री सोमवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सदस्य की ओर से इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। इससे पहले विधायक रामनिवास गावड़िया के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में नागर ने नागौर-डीडवाना जिले में कृषि श्रेणी के बारे में यह जानकारी पटल पर रखी।

## सदन से लेकर सड़क तक गूंजा हिजाब मुद्दा

# बाल मुकुंदाचार्य पर स्कूल में धार्मिक नारे लगाने का आरोप

## ■ स्कूली छात्राओं ने विरोध में सुभाष चौक थाने का किया घेराव

### विधायक पर कार्रवाई की मांग

### एमएलए बोले - मैंने कोई अशोभनीय बात नहीं की

**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी में हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य के हिजाब को लेकर की गई टिप्पणी और स्कूल में धार्मिक नारों को लेकर सोमवार सुबह बड़ी संख्या में सरकारी स्कूल की छात्राओं ने सुभाष चौक थाने का घेराव किया। इस दौरान छात्राओं ने अपने परिजन के साथ थाने के सामने जमकर नारेबाजी की। छात्राओं का आरोप है कि बाबा बालमुकुंद आचार्य उनके स्कूल आए थे। इस दौरान उन्होंने हिजाब को लेकर टिप्पणी की और नारे भी लगाए गए थे। घटना की जानकारी मिलने पर एसीपी सुभाष चौक मौके पर पहुंचे। छात्राओं से समझाइश की। शाम 5 बजे आदर्श नगर विधायक रफीक खान और किशनपोल विधायक अमीन कागजी सभी छात्राओं को लेकर मौके से रवाना हो गए।



### सदन में भी उठा मुद्दा

कांग्रेस विधायक रफीक खान ने गंगापोल स्कूल में बीजेपी विधायक के हिजाब पर पाबंदी होने और बच्चों को हिजाब पहनकर नहीं आने की बात का जिक्र करते हुए सवाल उठाए। रफीक खान के स्थगन प्रस्ताव से अलावा मुद्दा उठाने पर बीजेपी विधायकों ने कड़ी आपत्ति की थी। इस पर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने स्थगन प्रस्ताव के विषय के अलावा बोली गई बातों को सदन की कार्यवाही से निकालने का आदेश दिया था।

### गणतंत्र दिवस पर स्कूल आए थे विधायक

इस संबंध में एसीपी सुभाष चौक डॉ. हेमंत जाखड़ ने बताया. गंगापोल गर्ल्स स्कूल की छात्राएं सोमवार सुबह करीब 9 बजे सुभाष चौक थाने पर पहुंची। देखते ही देखते छात्राओं की संख्या बढ़ गई। पुलिस ने जब छात्राओं से कारण पूछा तो बताया कि विधायक बालमुकुंद आचार्य स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान पहुंचे थे। उन्होंने स्कूल में हमारे हिजाब को लेकर बातें की। यह हमें मंजूर नहीं है। शिक्षा के मंदिर में हिंदू-मुसलमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। छात्राओं के साथ-साथ उनके परिजन भी बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे और कार्रवाई की मांग करने लगे। इस दौरान छात्राएं सुभाष चौक सर्किल के चारों तरफ सड़क पर बैठ गई थीं। इस दौरान आमेर रोड पर भारी जाम लग गया।

### स्कूल में दो तरह का ड्रेस कोड क्यों?

पूरे मामले पर विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि स्कूलों का एक ड्रेस कोड होता है। मेरे भाषण को देखा जा सकता है। मैंने स्कूल में बच्चियों को कुछ नहीं कहा। मैंने केवल स्कूल प्रिंसिपल से पूछा था कि क्या स्कूल में दो तरह का ड्रेस कोड है। जब गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम हो, वार्षिकोत्सव हो। क्या दो तरह की ड्रेस का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि नहीं ऐसा नहीं है। यह मानते ही नहीं है। मुझे स्कूल में दो तरह का माहौल नजर आया। एक हिजाब के साथ दूसरा बिना हिजाब के। ऐसे में हमारे भी बच्चे कल को लहंगा चुन्नी पहनकर आएंगे।

### रोज कॉन्ट्रोवर्सी वाले बयान: रफीक खांन

रफीक खान बोले एक आदमी पहली बार विधायक बनता है। रोज कॉन्ट्रोवर्सी वाले बयान देता है। जिससे उसे सस्ती पब्लिसिटी मिल सके। गणतंत्र दिवस के दिन आप संविधान की धज्जियां उड़ाते हो। बच्चियों के खिलाफ गलत बात करते हो। मैं प्रशासन से चाहता हूं की ऐसे आदमी को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। सरकार को न्याय की बात करनी चाहिए। विधायक अमीन कागजी ने कहा कि एक बाबा विधायक बनते हैं। जय सिया राम से किसी तो तकलीफ नहीं है। बाबा ने स्कूल में जाकर कहा. बच्चियों ने नकाब क्यों पहन रखे हैं। क्या यह शादीशुदा है। उस बाबा को शर्म आनी चाहिए।

## नर्सिंग-पैरामेडिकल का धरना

# चिकित्सा मंत्री और एसीएस ने दो दिन का समय मांगा



**बेधड़क | जयपुर**

अपनी नियुक्ति की मांग को लेकर नर्सिंग-पैरामेडिकल अभ्यर्थियों का धरना सोमवार को 12वें दिन भी सीफू के सामने जारी रहा। वहीं संविदाकर्मियों की ओर से सामूहिक अवकाश भी रखा गया। अवकाश के बाद प्रदेशभर से अभ्यर्थियों ने सीफू पहुंचकर नियुक्ति को लेकर नारेबाजी की। सामूहिक अवकाश से अस्पताल के हालत बिगड़ गए। मरीजों को इलाज करवाने में परेशानी हुई।

वहीं अवकाश के मामले की गंभीरता को देखते हुए कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने पहल करते हुए अभ्यर्थियों की मांग चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह तक पहुंचाई। इसके बाद शाम को अभ्यर्थियों के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर और एसीएस शुभ्रा सिंह से वार्ता हुई। वार्ता में अभ्यर्थियों का पक्ष सुना गया। इन्होंने भर्ती को पूरा करने के लिए लिखित समझौता की मांग रखी। इस पर मंत्री ने दो दिन बाद सीएमओ स्तर पर चर्चा के बाद लिखित समझौता का भरोसा दिया। ऐसे में अभ्यर्थियों ने तब तक धरना जारी रखने का फैसला लिया है। मंत्री से मुलाकात में भर्ती नेता उदय सिंह मीन और अनुराग नेहरा सहित अन्य अभ्यर्थी मौजूद रहे। इधर, शहीद स्मारक पर राजीव गांधी युवा मित्रों का पिछले 17 दिनों से धरना भी जारी रहा।

एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने धरनार्थियों को ठंड से बचने के लिए कंबल वितरित किए गए। इस दौरान जाखड़ ने युवा मित्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार सरकार को अगर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के नाम से दिक्कत हैं तो सरकार किसी भी बीजेपी के नेता के नाम पे इस योजना का नाम रख सकती है पर द्वेष की भावना से इन युवाओं को बेरोजगार नहीं करें।

## आपराधिक घटनाओं पर लगेगा अंकुश

# सराफ ने कॉलोनी में लगवाए CCTV कैमरे

**बेधड़क | जयपुर**

मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने विधायक कोष से प्रदत्त राशि के द्वारा इनकम टैक्स कॉलोनी में सीसीटीवी कैमरो का लोकार्पण किया। स्थानीय पार्षद महेश सैनी बच्चू ने बताया कि इनकम टैक्स कॉलोनी के स्थानीय लोगों की मांग पर सराफ के द्वारा विधायक कोष से सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए हैं, जिसका सोमवार को विधिवत लोकार्पण किया गया। पार्षद ने बताया कि आए दिन असामाजिक तत्वों के द्वारा गाड़ियों के शीशे तोड़े जाते हैं। कैमरे लग जाने से अपराधों पर अंकुश लगेगा। इस अवसर पर स्थानीय लोगों एवं विकास समिति के पदाधिकारियों ने सराफ का माला एवं साफा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में इनकम टैक्स कॉलोनी विकास समिति के अध्यक्ष कर्नल फतेह बहादुर, महासचिव जेपी कनोडिया, प्रवीण सक्सेना, कपिल अरोड़ा मौजूद रहे।



## जेडीसी ने डिजिटलाइजेशन को बढ़ावा देने के जारी किए आदेश

# जेडीए में ई-फाइलिंग के माध्यम से होंगे काम

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर विकास प्राधिकरण में जल्द ही आमजन के कार्य शीघ्रता से होना शुरू हो जाएंगे। विभाग के अधिकारियों के आमजन की फाईलों को अटकाने पर आयुक्त मंजू राजपाल ने जेडीए के सारे काम आठ फरवरी से ऑनलाइन करने के आदेश दिए है। जेडीसी की अध्यक्षता में सोमवार को जेडीए के मंथन सभागार में डिजिटलाइजेशन के लिए राज-काज ई-फाइलिंग के संबंध में बैठक संपन्न हुई। जेडीसी ने बताया कि प्राथमिकता के आधार पर फाइलों को राज-काज ई-फाइलिंग के लिए श्रेणीवार कर कार्य प्रारम्भ किया जाए। उन्होंने कहा कि 8 फरवरी के बाद सभी पत्रावलियॉ, फाइल्स राज.काज ई-फाइलिंग के माध्यम से ही प्रेषित की जाएंगी। उन्होंने राज-काज ई-फाइलिंग को चार श्रेणी ए, बी, सी और डी में बांटते हुए श्रेणी ए एवं बी की पत्रावलियों को तुरंत प्रभाव से ऑनलाइन करने के निर्देश दिए। इस कार्य के लिए संबंधित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग की सहायता से प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में जेडीए कार्यवाहक सचिव, निदेशक, मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक, उपायुक्त, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



## रिश्तेदार ने लूटी अस्मत

# चलती स्लीपर बस में नाबालिग के साथ किया रेप

**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी में बेटियों के साथ गलत काम के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। आए दिन इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। अब राजधानी के ही एक इलाके में स्लीपर बस में नाबालिग लड़की से रेप का मामला सामने आया है।

मामले में आरोपी रिश्तेदार ने पीड़िता से कहा कि उसके भाई ने बुलाया है और पीड़िता को घर से ले गया। इसके बाद बस के स्लीपर में गलत काम किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। एक दिन बंधक बनाकर रखने के बाद घर के बाहर छोड़कर आरोपी रिश्तेदार भाग निकला। घटना के बाद करणी विहार थाने में नाबालिग पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसएचओ करणी विहार लिखमाराम की ओर से की जा रही है।



### भाई के बुलाने का बनाया बहाना

पुलिस के अनुसार कि मध्य प्रदेश निवासी 13 साल की लड़की ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उसने रिपोर्ट में बताया कि वह करणी विहार इलाके में परिवार के साथ रहती है। दूर के रिश्ते में लगने के कारण आरोपी का घर पर आना-जाना था। आरोप है कि 25 जनवरी को वह घर पर अकेली थी। घर आए आरोपी रिश्तेदार ने भाई के बुलाने को कहकर साथ चलने की कहा। बहाना बनाकर आरोपी रिश्तेदार उसे ऑटो में बैठाकर बस स्टेण्ड ले गया। स्लीपर बस में बैठाकर गांव चलने के लिए धमकाया। बोला- घर चलना पड़ेगा नहीं तो मार दूंगा। डर के मारे स्लीपर में चुपचाप बैठ गई।

### रेप कर बंधक बनाया

आरोपी रिश्तेदार ने चलती स्लीपर बस में उसके साथ रेप किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। गांव ले जाकर उसके एक कमरे में बंद कर दिया। दूसरे दिन शाम 7-8 बजे घर के बाहर छोड़कर भाग निकला। घर पहुंचकर नाबालिग पीड़िता ने अपनी मां को आपबीती सुनाई। करणी विहार थाने में मां के साथ पहुंची नाबालिग पीड़िता ने आरोपी रिश्तेदार की करतूत बताते हुए मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल करवाया है।

## पति पर टॉर्चर करने का आरोप

# विवाहिता ने जहर खाकर किया सुसाइड

**बेधड़क | जयपुर**

राजधानी में जहर खाकर एक महिला के सुसाइड का मामला सामने आया है। आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर पति के टॉर्चर करने के कारण महिला ने यह कदम उठाया। मौत से एक दिन पहले ही वह ससुराल लौटकर आई थी। मामले में ब्रह्मपुरी थाना पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका के मामा ने पति सहित ससुरालवालों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने रविवार को आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। एसएचओ ब्रह्मपुरी राजेन्द्र कुमार गोदारा ने बताया कि मंगोड़ीवाले की बगीची ब्रह्मपुरी निवासी अंतिमा सोनी (31) ने सुसाइड किया है। साल-2014 में उसकी शादी रोहित से हुई थी। 24 जनवरी को पीहर आकर ससुरालवाले उसे लेकर आए थे। देर रात अंतिमा ने जहर खा लिया। मृतका अंतिमा के मामा सत्य प्रकाश (62) ने ससुरालवालों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। शिकायत में बताया कि शादी के बाद से ही दहेज के लिए अंतिमा से मारपीट कर टॉर्चर किया जाता था। अजमेर फैमिली कॉर्ट में मामला दर्ज करवाया रखा था। जिसके बाद पुलिस ने मामले में आरोपी पति रोहित को अरेस्ट किया है।

जरूरी खबर

## 34 पुलिसकर्मियों को प्रदान किए श्रेष्ठ सेवा पदक



**अजमेर।** जिले की पुलिस लाइन में सोमवार को साल 2020-21 में उत्कृष्ट और अति उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को पदक भेंटकर सम्मानित किया गया। रेंज आईजी ने 7 जिलों के 34 पुलिसकर्मियों का सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहुचीं रेंज आईजी लता मनोज कुमार को पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस मौके पर अजमेर एसपी चुनाराम जाट, एडिशनल एसपी वैभव शर्मा शहीद अन्य अधिकारी मौजूद रहें। इस मौके पर आईजी ने कहा कि इस तरह के समारोह पुलिसकर्मियों के अच्छे कार्यों को दर्शाते हैं और उन्हें अच्छा काम करने के लिए प्रेरित करते हैं।

## कृषि उपहार योजना के तहत पुरस्कार वितरण आज

**बांदीकुई।** शहर की नई अनाज मंडी में मंगलवार सुबह 11 बजे कृषि उपहार योजना के पुरस्कारों का वितरण किया जाएगा। इस दौरान किसानों को पुरस्कार दिए जाएंगे। इन पुरस्कारों से किसानों को फसलों का ऑनलाइन भुगतान लेने के प्रति जागरुक किया जाता है। मंडी समिति सचिव संतोष मीणा ने बताया कि बांदीकुई अनाज मंडी में 1 जुलाई 2023 से 31 दिसंबर 2023 के बीच बेची गई फसल की विक्रय पर्ची और ई-भुगतान पर जारी कूपनों पर लॉटरी के माध्यम से पुरस्कार दिया जाएगा। इसके तहत पहला पुरस्कार 25 हजार, दूसरा पुरस्कार 15 हजार और तीसरा पुरस्कार 10 हजार रुपए का रहेगा।

## वनकर्मियों पर हमले के दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े



**अलवर।** जिले के सदर थाना क्षेत्र में झारखेड़ा गांव में 8 महीने पहले अवैध खनन रोकने गए वनकर्मियों पर हमला करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सदर थाना प्रभारी ने बताया कि परिवादी वनपाल शिवचरण ने बताया कि शाहपुर के पास झारखेड़ा में वन भूमि पर अवैध खनन होने की शिकायत पर उनकी टीम पहुंची थी। अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर को पकड़ा तो गांव के लोग आ गए। लोगों ने मिलकर वनकर्मियों से हाथापाई की और ट्रैक्टर को छुड़ा ले गए थे। इस मामले में आरोपी सद्दाम और मम्मन निवासी झारखेड़ा को गिरफ्तार किया गया है।

### मुख्य अतिथि के तौर पर आयोजन में की थी शिरकत, सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में दिखा अलग अंदाज

# स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों संग डांस करते दिखे खराड़ी

बेधड़क | उदयपुर



प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी यूं तो अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहे हैं, लेकिन इस बार उनकी चर्चा उनके अलग अंदाज को लेकर हो रही है। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें मंत्री खराड़ी राजकीय विद्यालय के वार्षिकोत्सव में चारपाई पर बैठकर डांस करते नजर आ रहे हैं।

चारपाई के चारों तरफ पारंपरिक वेशभूषा पहने बच्चे भी डांस कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि मंत्री खराड़ी रविवार को उदयपुर जिले की फलासिया पंचायत समिति के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर गए थे। इस अवसर पर बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृति प्रस्तुति दी। समारोह में छात्र-छात्राओं ने मोरिया नृत्य भी किया। छात्र-छात्राएं चारपाई के चारों ओर डांस कर रहे थे।

डांस करते-करते मंच पर बैठे मंत्री के पास गए और उन्हें चारपाई पर बैठा लिया। इसके बाद चारपाई को हवा में उछाला। इस दौरान चारपाई पर बैठे मंत्री भी हाथ हिलाकर डांस करने लगे। गौरतलब है कि आदिवासी क्षेत्र में परंपरागत तौर पर विवाह के अवसर पर दूल्हा-दुल्हन को चारपाई पर बैठाकर नृत्य करवाया जाता हैं।

### स्कूल में कमरों के निर्माण की घोषणा

सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान एक तरफ मंत्री खराड़ी ने विद्यार्थियों के साथ डॉस करते हुए उनकी हौसला अफजाई की वहीं उन्होंने कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान विद्यालय में 2 कमरों के निर्माण की घोषणा की। इस दौरान मंत्री खिराड़ी ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अपनी रुचि अनुसार पढ़ाई करें।

### इन बयानों से रहे हैं चर्चा में

मंत्री बाबूलाल खराड़ी पूर्व में अपने बयानों से चर्चा में रहे हैं। इसके तहत 15 दिन पहले ही उदयपुर के बीएन कॉलेज मैदान लायंस क्लब के मिलाप-2024 स्पोर्ट्स कार्निवाल के उद्घाटन समारोह में बोलते हुए उन्होंने कहा था- 'हम लोग मंत्री बन गए, इसका मतलब यह नहीं कि बड़े बाप की औलाद हैं। हम तो जनता के हैं। जनता के बीच रहेंगे। जनता बुलाती है। क्षेत्र के लोग बुलाते हैं। उनकी भी अपेक्षा होती है। इसलिए जनता के बीच हाजिर हुआ हूं।' इससे करीब 19 दिन पहले ही उदयपुर जिले के नाई गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर की जनसभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी मौजूदगी में खराड़ी ने कहा था- 'आप खूब बच्चे पैदा करो। प्रधानमंत्री मोदी जी आपका मकान बनवा देंगे। फिर तकलीफ किस बात की है।' मंत्री के इन बयानों पर कई तरह की प्रतिक्रिया आई थी।

### ERCP परियोजना लागू होने पर सांसद भागीरथ चौधरी बोले...

# प्रदेश की 40 फीसदी आबादी को मिलेगी जल संकट से मुक्ति

बेधड़क | अजमेर

राजस्थान की बहूप्रतिक्षित ईस्टर्न कैनल परियोजना (ईआरसीपी) परियोजना को केंद्र सरकार की ओर से हरी झंडी मिलने से प्रदेश की आधी आबाजी को पेयजल संकट से मुक्ति मिलेगी। ईआरसीपी योजना 13 जिलों के लिए वरदान साबित होगी। ये कहना है केंद्रीय जल स्थाई समिति के सदस्य एवं लोकसभा सांसद भागीरथ चौधरी का। वे सोमवार को जयपुर रोड स्थित एक होटल में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने प्रदेश की पूर्व कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा। चौधरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने ईआरसीपी योजना को 5 वर्ष तक अटकाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी परियोजना के लागू होने पर प्रदेश की 40 प्रतिशत आबादी को पेयजल समस्या से मुक्ति मिलेगी।

साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सकेगा। इसमें अजमेर जिला भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अजमेर जिले में सिंचाई के पानी को तो छोड़ें पेयजल की समस्या भी गहराई हुई है। चौधरी ने कहा कि अजमेर को स्मार्ट सिटी शहर में चिह्नित किया था, इसके बावजूद यहां 72 घंटे में पानी की सप्लाई हो रही रही है। ईआरसीपी के तहत अजमेर की पेयजल समस्या का भी समाधान होगा। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी, जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, सीएम भजन लाल शर्मा के प्रयास से ईआरसीपी प्रोजेक्ट को हरि झंडी मिल गई है।



### नदियों को जोड़ने का सपना होगा साकार

सांसद भागीरथ चौधरी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में नदियों को जोड़ने की योजना बनी थी, लेकिन अटल सरकार के जाने के बाद 10 वर्ष तक यूपीए सरकार रही। कांग्रेस सरकार ने नदियों को जोड़ने की योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नदियों को जोड़ने का सपना साकार होने की पहल की गई है। जल्द ही कार्य योजना को धरातल पर भी उतार दिया जाएगा।

### नसीराबाद से देवली तक बनेगा नेशनल हाईवे

सांसाध चौधरी ने बताया कि नसीराबाद से देवली तक राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने को लेकर केंद्रीय यातायात मंत्री नितिन गडकरी ने सहमति दे दी है। जल्द ही इस प्रोजेक्ट पर भी काम शुरू होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि अजमेर, नसीराबाद, बूंदी, कोटा रेल मार्ग पर भी जल्द ही सहमति बनेगी। सांसद चौधरी ने दावा किया कि 2024 में नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे, उसके बाद देश में नदियों को जोड़ने का काम होगा। उन्होंने कहा कि देश में बाढ़ की वजह से कई गांव बर्बाद हो जाते हैं। नदियों को जोड़ने से यह नुकसान नहीं होगा। वहीं, जहां पर पानी की कमी है वहां लोगों को पर्याप्त पानी मिल सकेगा। राजस्थान में सूखे की वजह से किसानों ने बहुत दुख और तकलीफ देखी हैं, लेकिन अब उनके सपने साकार होने जा रहे हैं।

### पूर्व कांग्रेस सरकार ने अटकाए रखा प्रोजेक्ट

सांसद भागीरथ चौधरी ने कहा कि नदियों को जोड़ने का समझौता आपस में राज्यो को करना होता है। इसके बिना प्रोजेक्ट लागू नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि ईआरसीपी से पहले एमपी यूपी के बीच पांच नदियों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। 40 प्रतिशत काम वहां पूरा हो चुका है। चौधरी ने बताया कि ईस्टर्न कैनल परियोजना के तहत 13 जिले मध्य प्रदेश और 13 जिले राजस्थान के हैं। चौधरी ने कहा कि रिफाइनरी हो या ईआरसीपी, कांग्रेस हमेशा प्रोजेक्ट लटकाने का काम ही करती आई है। केंद्र सरकार ने बार-बार पूर्व कांग्रेस सरकार को चिट्ठियां लिखीं और बताया कि प्रोजेक्ट इस तरह से बनाएं ताकि 90 प्रतिशत पैसा केंद्र सरकार देगी, लेकिन पूर्व कांग्रेस सरकार ने प्रोजेक्ट को अटकाए रखा।

### सुसाइड रोकथाम में मिलेगी मदद

# कोटा के हॉस्टल कार्मिकों के लिए शुरू हुई गेटकीपर ट्रेनिंग



बेधड़क | कोटा

कोचिंग सिटी में लगातार आत्महत्या के मामले सामने आ रहे हैं। इनकी रोकथाम के लिए प्रशासन की ओर से कई प्रयास किए जा रहे हैं। युवाओं में तनाव और डर की भावना को दूर करने और उन्हें आत्महत्या जैसा कदम नहीं उठाने के प्रति प्रेरित करने के लिए कोटा में एक और पहल की गई है। इसके तहत हॉस्टल कार्मिकों के लिए क्यूपीआर गेटकीपर ट्रेनिंग शुरू की गई है। कोटा हॉस्टल एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन मित्तल का कहना है कि क्यूपीआर गेटकीपिंग ट्रेनिंग है, जिसमें ट्रेनर जसलीन बरगी हॉस्टल स्टाफ को ट्रेनिंग दे रही हैं।

इस बैच में 70 से 80 कार्मिकों को ट्रेनिंग करवाई जा रही है। लगातार अलग-अलग दिन अलग-अलग कर्मचारियों को यह ट्रेनिंग करवाई जानी है। मित्तल का कहना है कि राज्य सरकार की गाइडलाइन में क्यूपीआर गेटकीपर ट्रेनिंग देने की बात आई थी। गाइडलाइन की पालना करते हुए ट्रेनिंग सेशन रखा है। ट्रेनिंग में बताया जा रहा है कि बच्चा अगर आत्महत्या की कोशिश करता है या दिमाग में कुछ इस तरह का चल रहा है, तो बच्चों का रिएक्शन कैसा रहता है, इस बारे में ट्रेनर हॉस्टल कर्मचारियों को बता रहे हैं, ताकि आत्महत्या मामलों पर रोक लगाई जा सके।

कोटा हॉस्टल एसोसिएशन के सचिव पंकज जैन का कहना है कि यह सेशन लगभग 3 घंटे का है। हमारे क्षेत्र में 800 से 1000 हॉस्टल हैं। ऐसे में इनके कर्मचारियों को अगले 15 दिनों तक ट्रेनिंग दिलवाई जानी है। इसमें लगातार 2 से 5 बजे तक सेशन चलेंगे। अभी ट्रेनिंग के लिए कंपनी से टाइअप किया है।

### आरक्षण की मांग को लेकर जाटों का आंदोलन जारी

# जटमासी में भी शुरू हुआ महापड़ाव

बेधड़क | भरतपुर

केंद्र की नौकरियों में ओबीसी आरक्षण की मांग कर रहे भरतपुर-धौलपुर के जाटों का आंदोलन लगातार जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को जाट समाज ने रूपवास के जटमासी गांव में एक और महापड़ाव शुरू कर दिया।



उधर, केंद्र सरकार से वार्ता के लिए आरक्षण संघर्ष समिति ने पांच सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल गठित कर दिया है, लेकिन अभी तक केंद्र की ओर से वार्ता के लिए समय और तारीख निश्चित नहीं की गई है। ऐसे में संघर्ष समिति संयोजक नेम सिंह फौजदार का कहना है कि आरक्षण मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। इस बार समाज आर-पार के संघर्ष की मंशा बनाकर बैठा है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार के साथ वार्ता के लिए 5 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल तैयार है। फिलहाल, केंद्र सरकार की तरफ से वार्ता का समय निश्चित नहीं किया है, जैसे ही समय और तारीख निश्चित होगी प्रतिनिधिमंडल वार्ता के लिए दिल्ली रवाना हो जाएगा। वार्ता में प्रदेश सरकार के दो मंत्री और दो विधायकों की कमेटी भी मौजूद रहेगी। नेम सिंह फौजदार ने बताया कि भरतपुर और धौलपुर के जाट समाज में आरक्षण को लेकर आक्रोश है।

### ब्रह्माकुमारी संस्थान की ओर से आयोजित हुआ संत समागम

# वसुधैव कुटुंबकम की भावना करें मजबूत

बेधड़क | आबूरोड



ब्रह्माकुमारी संस्थान के पारसीचाल संगम भवन सेवा केंद्र के तत्वावधान में सोमवार को आयोजित संत सम्मेलन में 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया गया। सम्मेलन में शहर के विभिन्न मंदिरों के पुजारी, महंत एवं ट्रस्टी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर संतों का शॉल ओढ़ाकर एवं माल्यार्पणकर सम्मान किया गया।

सम्मेलन में मुख्य वक्ता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी उर्मिला दीदी ने इस अवसर पर कहा कि परमात्मा एक है, विश्व एक परिवार है इस भावना से विश्व परिवर्तन करने का शुभ संकल्प लेना है। सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर के महंत जनकपुरी महाराज ने वसुधैव कुटुंबकम् की भावना के साथ मन में अच्छे काम का भाव रखकर कार्य करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जो कोई अच्छा काम कर रहा है, उसका सहयोग करें, रोज मंदिर जाएं, भगवान की आराधना करें। हनुमान टेकरी के महंत प्रेमानंद महाराज ने कहा कि हमें आबूरोड शहर को व्यसन मुक्त कराना है। ब्रह्माकुमारी संस्था के साथ मिलकर हम इसे नशामुक्त बना सकते हैं।

ब्रह्मकुमारी संस्थान के धार्मिक प्रभाग के ब्रह्मकुमार अचुतभाई ने कहा कि परमात्मा का घर आप सभी का घर है। इसलिए आप सभी मेहमान नहीं परमात्मा के बच्चे हैं। आपका अधिकार है परमात्मा के घर में आने का, आप सभी का दिल से स्वागत है। इस अवसर पर वहां उपस्थित विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। बिजली विभाग के प्रमुख ब्रह्मकुमार सुधीरभाई ने कार्यक्रम का संचालन किया।

### नशे की बड़ी खेप पकड़ी, कीमत करोड़ों में

# सीमेंट मिक्सर में मिले डोडा-पोस्त के 111 कट्टे, कार से MDM व अफीम जब्त

## नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने की कार्रवाई

बेधड़क | जोधपुर

प्रदेश के दो जिलों में नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। तस्कर पुलिस से बचने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं, लेकिन पुलिस से बचने में विफल रहे। जोधपुर में की गई कार्रवाई में तस्करों ने नशे की खेप नियम स्थान तक पहुंचाने के लिए अलग ही तरीका अपनाया। जोधपुर पश्चिम पुलिस ने सोमवार को एमपी से सीमेंट मिक्सर में भरकर लाए गए करोड़ों रुपए का डोडा-पोस्त पकड़ा है। इस साल में जोधपुर पुलिस की यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। बासनी थाना पुलिस ने ड्राइवर को पकड़ा है। जानकारी अनुसार बासनी थाना पुलिस ने सोमवार शाम को थाने के सामने ही नाकाबंदी कर रखी थी। इस दौरान चित्तौड़गढ़ नम्बर के एक सीमेंट मिक्सर को पुलिस ने रूकवाया। जांच करने पर मिक्सर के अंदर सीमेंट की जगह कट्टों में भरा हुआ डोडा-पोस्त पाया गया।

पुलिस अनुमान के अनुसार मिक्सर में 111 के करीब डोडा पोस्त के कट्टे भरे हुए थे, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। एडीसीपी पश्चिम चंचल मिश्रा, एसीपी नरेंद्र दायमा व बासरी थानाप्रभारी जितेंद्र सिंह मौके पर जांच की।




### लग्जरी कार में मिली 5 करोड़ की अफीम और एमडीएम

भीलवाड़ा एसपी श्याम सिंह के निर्देशन में सोमवार को पुलिस ने एक लग्जरी कार से अफीम व एमडीएम के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। मादक पदार्थ की कीमत 5 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। मामला जिले के गुलाबपुरा थाना इलाके का है। थाना इंचार्ज सुगन सिंह बिजारणिया ने बताया कि गुलाबपुरा पुलिस चौकी 29 मिल नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान सफेद रंग की लग्जरी कार का ड्राइवर पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। पुलिस ने पीछा कर कार को रुकवाया। इसके बाद कार की तलाशी ली गई तो उसके पास एक किलो अफीम और 91 ग्राम एमडीएम पाउडर मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इन दोनों मादक पदार्थ की कीमत करीब 5 करोड़ बताई जा रही है। पुलिस ने जहीर खान पुत्र फतेह मोहम्मद (20) निवासी हनुमानगढ़ और अख्तर खान पुत्र युसूफ खान (28) निवासी गंगानगर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार एमडीएम ड्रग और अफीम की कीमत अधिक होती है और इसकी मात्रा काफी कम। एमडीएम की डिमांड युवाओं में ज्यादा है। इसकी कीमत करोड़ों में है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि 91 ग्राम एमडीएम पाउडर और 1 किलोग्राम अवैध अफीम चित्तौड़गढ़ के पास से खरीदी थी और इसकी सप्लाई गंगानगर, हनुमानगढ़ और बीकानेर में की जानी थी।



### पुलिस को चकमा देने के लिए किया सील पैक

जांच में सामने आया कि तस्करों ने इस सीमेंट मिक्सर को पूरी तरह से पैक कर सील किया था। जैसे मिक्सर को सीमेंट फैक्ट्री से पैक कर रवाना किया जाता है। यह पुलिस को गुमराह करने के लिए किया गया था। पुलिस को मिक्सर चालक ने पूछताछ में बताया कि मिक्सर को मंदसौर से लाया गया है। हालांकि पुलिस अभी इस माल को मंगवाने वाले व इसकी एस्कोर्ट करने वाले तस्करों की तलाश कर रही है।

SKIT में 'इनोवेशन, डिजाइन एवं एन्टरप्रेन्योरशिप' बूट कैंप की शुरुआत

# सक्सेस के लिए जरूरी हैं वैल्यूज, दृढ़ संकल्प और टीम वर्क

**बेधड़क** | जयपुर

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के साथ शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय 'इनोवेशन, डिजाइन एवं एन्टरप्रेन्योरशिप (आईडीई) बूटकैंप (फेज़ II)' का सोमवार को स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी कैम्पस में हुआ। शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल (एमआईसी) और वाधवानी फाउंडेशन की ओर से आयोजित बूट कैंप का उद्घाटन एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) टी.जी. सीताराम ने ऑनलाइन किया। एसकेआईटी के साथ ही देशभर के 10 नोडल केंद्रों पर भी बूट कैंप का उद्घाटन हुआ। एसकेआईटी के चेयरमेन सुरजा राम मील ने गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सक्सेस के लिए वैल्यूज, दृढ़ संकल्प एवं टीम वर्क जरूरी है।

उद्घाटन समारोह के अतिथि एमएनआईटी के निदेशक प्रो. एन पी पाढ़ी ने ऊर्जा संसाधनों के महत्व पर जोर दिया एवं ऊर्जा संसाधनों का महत्वपूर्ण रूप से उपयोग करने के लिए नवीन विचारों के साथ आने पर ध्यान केंद्रित किया। विशिष्ट अतिथि टीआईई इंडिया एंजल्स एवं रेन के अध्यक्ष महावीर प्रताप शर्मा ने 'आईसीई' यानी नवाचार, निर्माण एवं निष्पादन पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि भारत में स्टार्ट-अप संस्कृति अर्थव्यवस्था को कई गुना बढ़ावा देगी। इस अवसर पर मौजूद केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन ऑफिसर अंकुश प्रकाश शर्मा ने कहा कि बूटकैंप की परिकल्पना प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्ताव पर की गई है, जिनका विजन है कि हमारे इनोवेटर्स को अंतरराष्ट्रीय बाजार में प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए।




### सेशन्स में विशेषज्ञों ने किया स्टूडेंट्स का मार्गदर्शन

बूटकैंप के एसपीओसी प्रो. पुनीत शर्मा ने परिचयात्मक भाषण दिया एवं प्रतिभागियों को एक उद्यमशील कॅरिअर को आगे बढ़ाने के लिए बूटकैंप का महत्व बताया। कैंप के प्रतिभागियों में अटल टिंकरिंग लैब जयपुर, से चुने गए जम्मू कश्मीर व लद्दाख के छात्र भी शामिल हैं। आईआईसी, एसकेआईटी के उपाध्यक्ष सुभ्रोजीत गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया। उद्घाटन के बाद प्रतिभागियों ने प्रदर्शनी में अपने विचारों का प्रदर्शन किया। आइस-ब्रेकिंग और टीम परिचय, उद्यमियों के लिए डिजाइन थिंकिंग, 'अपना प्रवाह ढूंढें: सेल्फ डिस्कवरी' जैसे सत्र आयोजित किए गए। दिन का समापन इंटरेक्शन, फीडबैक एवं टेकअवे के साथ हुआ।

## Yuva स्टोरीज

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान पुलिस अकादमी परिसर स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में सोमवार को वार्षिक उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशव विद्यापीठ जामडोली के प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य धनंजय सिंह, समाजसेवी सोहन बड़ोदिया एवं क्षेत्रीय पार्षद मनोज मुद्गल रहे। प्रधानाचार्य नंदिता गोस्वामी ने सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए धनंजय सिंह ने राम के चरित्र से सीख लेने की बात कही।

इस अवसर पर उच्च माध्यमिक, माध्यमिक, आठवीं एवं पांचवीं बोर्ड के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय में वर्ष भर चलने वाली सह शैक्षिक गतिविधियों के लिए भी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। कार्यक्रम का संचालन बसंत जिंदल ने किया।

### संगोष्ठी में होगी शारीरिक शिक्षा के आयामों पर चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के खेल बोर्ड एवं शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से मंगलवार को भूगोल विभाग के सेमिनार हॉल में संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। आयोजन सचिव डॉ.प्रीति शर्मा ने बताया कि "राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 द्वारा खेलों और शारीरिक शिक्षा के आयामों में आए बदलाव" विषय पर आयोजित संगोष्ठी में खेल और शारीरिक शिक्षा के राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्णित नए आयामों पर एक व्यापक चिंतन होगा जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सही दिशा में लागू करने, उचित क्रियान्वयन एवं बदलावों को सुगम करने पर विमर्श होगा। संगोष्ठी में देश के विभिन्न प्रांतों से लगभग 200 प्रतिभागी शामिल होंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर से प्रो. राजेंद्र सिंह होंगे। मुख्य वक्ता आईआईटी जोधपुर के डॉ.सुधीर देवनाथ और विशिष्ट अतिथि राजस्थान विश्वविद्यालय से प्रो. रश्मि जैन रहेंगी। अध्यक्षता कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा करेंगी।

### कार्यशाला में संगीत प्रतिभाओं से रू-ब-रू हो रहे संगीत प्रेमी



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के संगीत विभाग की ओर से प्रचलित और अप्रचलित रागों के विभिन्न आयामों को लेकर आयोजित कार्यशाला में सोमवार को वरिष्ठ रंगकर्मी भारतरत्न भार्गव का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। 27 जनवरी से शुरू हुई यह कार्यशाला 2 फरवरी तक चलेगी जिसमें बड़ी संख्या में संगीत के छात्र व विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. वन्दना कल्ला ने बताया कि कार्यशाला में विशेष गायन विशेषज्ञ प्रो.सुमन यादव व सितार विशेषज्ञ पंडित चंद्र मोहन भट्ट जैसे ख्याति प्राप्त विशेषज्ञों की प्रतिभा से छात्रों का साक्षात परिचय हो रहा है। इस कार्यशाला में न केवल छात्र बल्कि संगीत में विशेष रुचि रखने वाले शिक्षक एवं अन्य प्रतिभागी भी भारी संख्या में भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया की कार्यशाला में सितार के लिए डॉ. मंजू लता भट्ट और डॉ. चंद्रशेखर जबकि स्वर गायन में डॉ. अंशु, डॉ. आरती भट्ट, डॉ. नीलम व डॉ. मोहन के साथ डॉ. रीमा समन्वय स्थापित कर रहे हैं।


इंटरनेशनल आर्ट एंड कल्चर एक्सचेंज प्रोग्राम

# हमारी संस्कृति के रंगों में रंगे डेनमार्क के स्टूडेंट्स

**बेधड़क** | जयपुर

द अर्थ एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कला एवं संस्कृति विनिमय कार्यक्रम में डेनमार्क व जयपुर के स्टूडेंट्स की कला के रंगों का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में डेनमार्क के स्टूडेंट्स के साथ जयपुर के सेंट एडमंड्स स्कूल और राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट्स के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। भारतीय एवं डेनमार्क के विद्यार्थियों ने अपनी कलाकृतियों को एक दूसरे से साझा किया। भारतीय विद्यार्थियों ने अपनी पेंटिंग्स, मिनिएचर आर्ट, वुड बर्निंग आर्ट, लाइव स्केच को प्रस्तुत कर अपनी कला के विभिन्न आयाम दिखाए।

डेनमार्क के स्टूडेंटस ने मेहंदी लगवाई, नेल आर्ट और फेस टैटू राजस्थानी स्टाइल में बनवाएं। यहां राम मंदिर पर आधारित चित्र प्रदर्शनियों को देख यूरोपीय बच्चों ने जय श्री राम के नारे लगाए। द अर्थ एसोसिएशन की निदेशक डॉ. हेमलता शर्मा ने बताया की सेंट एडमंड्स स्कूल मालवीय नगर में डेनमार्क के विद्यार्थी इंटरनेशनल स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत प्रतिवर्ष आते हैं। द अर्थ ऐसोसिएशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम मे राजस्थानी कला एवं संस्कृति से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इसका उद्देश्य विद्यार्थी कलाकारों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलवाना व दोनों देशों के विद्यार्थियों को एक दूसरे की संस्कृति का साक्षात्कार करवाना है।





कार्यक्रम के दौरान जवाहर कला केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत, अतिरिक्त निदेशक अब्दुल लतीफ उस्ता, सीनियर अकाउंट्स ऑफिसर चेतन शर्मा, डिप्टी जनरल मैनेजर भारत सिंह ने जेकेके में आयोजित होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में सेंट एडमंड्स स्कूल से आयुषी शर्मा, राजवीर सिंह, कृष्णा महर्षि एवं डेनमार्क के टीचर किम डेनिस आदि ने भी अपने देश की ग्रामीण संस्कृति, रहन-सहन, परिवेश, कला गतिविधियों पर चर्चा की।

## सांसद बोहरा ने विद्यार्थियों के साथ देखी 'परीक्षा पे चर्चा'



**जयपुर**। जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने प्रताप नगर स्थित एक निजी स्कूल में विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। कार्यक्रम का प्रारंभ सांसद बोहरा ने दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में सैकड़ों विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान स्ट्रेस फ्री रहने के साथ साथ उन्हे कॉन्फिडेंस बिल्डिंग के तरीके बताए गए साथ साथ अभिभावकों को भी परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार किए जाने के बारे में बताया गया। बोहरा ने भी विद्यार्थियों से बात की व उनके सवालों के जवाब दिए। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि एक पॉजिटिव सोच हमेशा सफलता का मार्ग प्रदर्शित करती है। संयोजक नरेंद्र सिंह रावत ने विद्यार्थियो को निरंतर प्रयास के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्या मैत्रेयी शुक्ला ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

समाज विज्ञान में शोध पर संगोष्ठी

## डॉ. अंबेडकर थे अपने युग के सबसे बड़े शोधार्थी



**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के डॉ. अंबेडकर अध्ययन केंद्र में सोमवार को 'समाज विज्ञान में शोध पद्धति' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। डॉ. अंबेडकर अध्ययन केंद्र की निदेशक डॉ. सुमन मौर्य ने बताया कि शोध के क्षेत्र में डॉ. अंबेडकर का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय से अपनी पीएचडी अर्थशास्त्र में प्राप्त की जो शोधार्थियों के लिए सदैव प्रेरणा स्रोत का कार्य करेगी। गुजरात केंद्रीय विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज की प्रोफेसर डॉ. प्रीति शर्मा संगोष्ठी में मुख्य वक्ता रहीं। उन्होंने कहा कि शोध ऐसा हो जो समाज के लिए उपयोगी हो तथा पद्धतियों में मौलिकता हो। उन्होंने शोध अभिकल्प रिपोर्टिंग एसपीएस की जानकारी प्रदान की। संगोष्ठी समन्वयक सह आचार्य डॉ. शालिनी चतुर्वेदी ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई तथा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। शोधार्थियों ने अपने पत्र वाचन किए और अपनी शोध से संबंधित जिज्ञासाओं को शांत किया।



### देवकी मीणा को पीएच.डी. उपाधि

**बेधड़क** | अजमेर

महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर ने देवकी मीणा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। देवकी मीणा विश्वविद्यालय के एसपीसीजीसीए के समाजशास्त्र विभाग में सहायक आचार्य हैं। उन्होंने अनुसूचित जनजाति की कामकाजी महिलाओं में सशक्तिकरण का एक अध्ययन (जयपुर शहर के विशेष संदर्भ में) विषय पर प्रो. प्रताप पिंजानी के निर्देशन में शोधकार्य पूर्ण किया है।



अचीवमेंट | टेक फेस्ट में जीते टॉप थ्री प्राइज

# रोबो फुटबॉलर्स से गोल करवा विनर बना 'जिरकॉन'

**बेधड़क** | जयपुर

पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के स्टूडेंट्स के रोबोटिक क्लब 'जिरकॉन' ने गत दिनों आयोजित टेक फेस्ट 'अंतरराज' में बेहतरीन प्रदर्शन कर टॉप थ्री पुरस्कार अपने नाम किए।

बिट्स, मेसरा में आयोजित इस फेस्ट के रोबो सॉकर कॉम्पिटिशन में देशभर के कॉलेजों व यूनिवर्सिटीज की टीमों को पछाड़कर जिरकॉन क्लब मेंबर्स प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार जीतने में कामयाब हुए।

क्लब के कैप्टन अनुराग सिंह राठौड़ ने बताया कि रोबो सॉकर में प्रतिभागियों को अपने बनाए रोबोट्स को फुटबॉल से गोल करवाने थे। इसमें जिरकॉन क्लब के स्टूडेट्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर जजेस को काफी प्रभावित किया। प्रतियोगिता में घनिष्ठ अग्रवाल व सुनामी अग्रवाल की टीम को प्रथम विजेता घोषित किया गया, जबकि अंशिका जैन व मितांशु कुमार मेहता की टीम द्वितीय स्थान पर रही। मोक्षित रेवार व विकास गुर्जर की टीम तृतीय स्थान पर रही। खास बात यह है कि ये सभी स्टूडेंट्स बीटेक फर्स्ट ईयर के हैं।



### फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट्स का क्लब है जिरकॉन

राठौड़ ने बताया कि जिरकॉन क्लब पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के प्रथम वर्ष के स्टूडेंट्स का रोबोटिक क्लब है, जिसके द्वारा स्टूडेंट्स के लिए रोबोटिक्स से जुड़ी कई गतिविधियां आयोजित की जाती हैं। इनमें कॉलेज के सीनियर्स के साथ-साथ इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स को भी आमंत्रित किया जाता है। टेक फेस्ट 'आधार' क्लब की सबसे प्रमुख एक्टिविटी है। क्लब के सदस्य पहले भी विभिन्न कॉम्पिटिशंस में पार्टिसिपेट कर कई पुरस्कार अपने नाम कर चुके हैं।

# ज्ञानवापीः मंदिर के अवशेषों पर मस्जिद



**प्रमोद भार्गव**
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की सर्वे रिपोर्ट ने प्रमाणित कर दिया कि वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर में स्थित एक हजार साल से भी ज्यादा पुराने विशाल हिदू मंदिरों को तोड़कर मस्जिद बनाई गई है। यहां काशी विश्वनाथ का बड़ा हिंदू मंदिर था। इसके अवशेशों के प्रतीक चिन्ह सर्वेक्षण में मिले हैं। इसी संरचना के ऊपर मस्जिद बना दी गई थी। मस्जिद के निर्माण में भी मंदिर के पत्थरों का प्रयोग किया गया। एक स्थान पर महामुक्ति मंडप लिखा होने के साथ हनुमान और गणेश की खंडित मूर्तियां मिली हैं। ये खुलासे एएसआई की रिपोर्ट से हुए हैं। बीते साल वाराणसी जिला अदालत के आदेश पर तीन माह से भी अधिक समय तक ज्ञानवापी परिसर का आधुनिक वैज्ञानिक उपकरण के माध्यम से कराए सर्वेक्षण के बाद यह तथ्यात्मक रिपोर्ट सार्वजनिक की गई है। रिपोर्ट 839 पन्नों की है। यह रिपोर्ट लगभग अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर जैसी ही है। राम मंदिर के सर्वेक्षण में पुरातत्वविद् केके मोहम्मद भी शामिल थे। इस सर्वे से रूबरू होने के बाद मोहम्मद ने कहा था कि अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे मंदिर स्थलों को हिंदुओं को स्वेच्छा से मुसलमान सौंप दें, क्योंकि ये स्थल हिंदुओं के लिए उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जितने मुसलमानों के लिए मक्का और मदीना।

दरअसल ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण कराने का निर्णय वाराणसी के न्यायालय द्वारा ले लिए जाने के बाद ही यह साफ हो गया था कि ज्ञानवापी मस्जिद में मंदिर होने के पुख्ता सबूत मिलेंगे। इसीलिए मुस्लिम पक्ष इस कोशिश में था कि सर्वे होने ही न पाए। इस उद्देश्य से मुस्लिम पक्ष ने एक याचिका भी अदालत में दायर की थी, लेकिन यह याचिका खारिज कर दी थी। इस याचिका में दावा किया था कि 'विशेष उपासना स्थल कानून 1991' के तहत आजादी के बाद जो भी धर्म स्थल जिस अवस्था में हैं, उसी रूप में रहेंगे। इस सिलसिले में प्राचीन मूर्ति स्वयंभू ज्योतिर्लिंग भगवान विश्वेश्वर नाथ की ओर से वाद मित्र विजय शंकर रस्तोगी ने न्यायालय में तर्क दिया था कि वर्तमान में विवादित स्थल की धार्मिक स्थिति 15 अगस्त 1947 को मंदिर की थी अथवा मस्जिद की, इसके निर्धारण के लिए साक्ष्यों की आवश्यकता है। दरअसल विवादित स्थल विश्वनाथ मंदिर का ही एक भाग है, इसलिए एक अंश की धार्मिक स्थिति का निर्धारण नहीं किया जा सकता, बल्कि ज्ञानवापी परिसर का भौतिक साक्ष्य लिया जाना जरूरी है। जिसे पुरातात्विक सर्वेक्षण द्वारा जांच कराकर स्पष्ट किया जाए कि इस मस्जिद के नीचे और इसकी दीवारों के अंदरूनी हिस्सों में कोई मंदिर था अथवा नहीं? तथ्यों के आधार पर प्राचीन विश्वनाथ मंदिर के ध्वस्त अवशेषों पर मस्जिद की दीवारों के अंदरूनी और बाहरी तौर पर विद्यमान बताए गए हैं। मंदिर की दीवारों और दरवाजों को चिनकर मस्जिद का वर्तमान ढांचा खड़ा किया गया है। पुराने विश्वनाथ मंदिर के अलावा समूचे परिसर में अनेक देवी-देवताओं के छोटे-छोटे मंदिर थे, जिनमें से कुछ आज भी मौजूद हैं। इन साक्ष्यों के संदर्भ में साक्ष्य और इतिहास पुस्तकें भी प्रस्तुत की गई थीं। दरअसल भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के अंतर्गत अधिनियम की धारा 57 (13) के तहत सामान्य इतिहास की पुस्तकों में भी वर्णित ऐतिहासिक तथ्य को साक्ष्य के तौर पर मान्यता प्राप्त है। इस संदर्भ में 1937 में प्रकाशित इतिहासकार डा. अनंत सदाशिव अल्तेकर की पुस्तक हिस्ट्री ऑफ बनारस' अदालत में प्रस्तुत भी की गई थी। पुस्तकों के अनुसार वर्तमान में जो ज्योतिर्लिंग स्थापित है, उसकी प्राण-प्रतिष्ठा 1780 में महारानी अहिल्याबाई ने कराई थी।

> “साल 1585 में टोडरमल ने अपने गुरुपंडितराज भट्टनारायण के आग्रह पर विश्वनाथ मंदिर फिर से बनवाया। किंतु 1669 में क्रूरतम शासक औरंगजेब की आज्ञा से एक बार फिर पुनर्निमित सभी मंदिरों को तोड़ दिया गया। इसी समय विश्वनाथ मंदिर के स्थान पर ज्ञानवापी मस्जिद बनाई गई। सन् 2000 से पहले तक मंदिर पर बनी इस मस्जिद की पश्चिमी दीवार ज्यों की त्यों दिखती थी, जो मंदिर होने के साक्ष्य खुले रूप में दिखती थी।”

बीती सदी के अंत तक जो भी लोग विश्वनाथ मंदिर के दर्शन करने गए हैं, उन्हें स्पष्ट रूप से दिखाई देता था कि एक टूटे प्राचीन मंदिर के ढांचे पर कथित मस्जिद बनाई जा रही है। मंदिर का चबूतरा और आलीशान सफेद पत्थर के स्तंभ स्पष्ट दिखाई देते थे। इसी परिसर में एक कुआ है, जिसमें बताते हैं, वह शिवलिंग हैं, जो तोड़े गए मंदिर में स्थापित था। इस आशय के यहां बोर्ड भी लगे हैं। कूप के ऊपर लोहे का जाल डाल दिया है। इस मामले में भाजपा प्रवक्ता अश्विनी उपाध्याय की याचिका पर पूजा स्थल विशेष प्रावधान अधिनियम-1991 की वैद्यता को चुनौती भी दी गई थी। 1991 में केंद्र सरकार द्वारा सभी धर्मस्थलों से जुड़े विवादों में यथास्थिति बनाए रखने की दृष्टि से यह कानून बनाया था। हालांकि अयोध्या के राम जन्मस्थल-बाबरी मस्जिद विवाद को इस कानून के दायरे से बाहर रखा गया था। इस कानून के मुताबिक 1947 से पहले जो धर्मस्थल जिस स्थिति में थे, उसी स्थिति में रहेंगे, यह बाध्यकारी शर्त जुड़ी है। इसी बूते वाराणसी की अंजुमन इंतजामिया का दावा था कि ज्ञानवापी मस्जिद को इसी कानून के तहत सुरक्षा मिलनी चाहिए। मसलन अंजुमन भली भांति जानता था कि मंदिर की बुनियाद पर मस्जिद टिकी है। अब सर्वे रिपोर्ट ने इस सच्चाई का खुलासा भी कर दिया है। मंदिरों को तोड़े जाने और धर्मांतरण का सिलसिला इस्लामिक शासकों के भारत में आने के साथ ही शुरू हो गया था। इनमें वाराणसी का काशी विश्वनाथ मंदिर तो है ही, इसके अलावा मथुरा का कृष्ण जन्मभूमि मंदिर भी है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर विशेष

# बापू की विरासत की साझीदार बनती दुनिया



**अरविंद जयतिलक**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> “प्रसिद्ध वैज्ञानिक आइंस्टीन का यह कथन लोगों के जुबान पर है कि आने वाले समय में लोगों को सहज विश्वास नहीं होगा कि हांड़-मांस का एक ऐसा जीव था जिसने अहिंसा को अपना हथियार बनाया। हिंसा भरे वैश्विक माहौल में गांधी के विचारों की ग्राहयता बढ़ती जा रही है। जिन अंग्रेजों ने विश्व के चतुर्दिक हिस्सों में युनियन जैक को लहराया और भारत में गांधी की अहिंसा को चुनौती दी, आज वे भी गांधी के अहिंसात्मक आचरण को अपनाने की बात कर रहे हैं।”

याद होगा गत वर्ष पहले जाम्बिया के लोकसभा सचिवालय द्वारा विज्ञान भवन में संसदीय लोकतंत्र पर एक सेमिनार आयोजित किया गया था। उस सेमिनार में राष्ट्रमंडल देशों के लोकसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों ने शिरकत की। तब जाम्बिया की नेशनल असेम्बली के अध्यक्ष असुमा के. म्वानामवाम्बवा ने इस सम्मेलन के दौरान गांधी के सिद्धान्तों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा कि भारत के साथ हम भी महात्मा गांधी की विरासत में साझेदार हैं। उन्होनें बताया कि अहिंसा के बारे में गांधी जी की शिक्षाओं ने जाम्बिया के स्वतंत्रता आन्दोलन को बेहद प्रभवित किया। गत वर्ष पहले ही अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने ह्वाइट हाउस में अफ्रीकी महाद्वीप के 50 देशों के युवा नेताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि आज के बदलते परिवेश में युवाओं को गांधी जी से प्रेरणा लेने की जरुरत है। सच तो यह है कि गांधी विचारधारा के वैचारिक समर्थक ही नहीं बल्कि विरोधियों को भी लगने लगा है कि गांधी के बारे में उनकी अवधारणा संकुचित थी। उन्हें विश्वास होने लगा है कि गांधी के नैतिक नियम पहले से कहीं और अधिक प्रासंगिक और प्रभावी हैं और उनका अनुपालन होना चाहिए। उसका मूल कारण है कि गांधी जी राजनीतिक आजादी के साथ सामाजिक-आर्थिक आजादी के लिए भी चिंतित थे। समावेशी समाज की संरचना को कैसे मजबूत आधार दिया जाए उसके लिए उनका अपना स्वतंत्र चिंतन था। उन्होंने कहा कि जब तक समाज में विषमता रहेगी, हिंसा भी रहेगी। हिंसा को खत्म करने के लिए विषमता मिटाना जरुरी है। विषमता के कारण समृद्ध अपनी समृद्धि और गरीब अपनी गरीबी में मारा जाएगा। इसलिए ऐसा स्वराज हासिल करना होगा, जिसमें अमीर-गरीब के बीच खाई न हो। शिक्षा के संबंध में भी उनके विचार स्पष्ट थे। उन्होंने कहा है कि मैं पाश्चात्य संस्कृति का विरोधी नहीं हूं। मैं अपने घर के खिड़की दरवाजों को खुला रखना चाहता हूं जिससे बाहर की स्वच्छ हवा आ सके। लेकिन विदेशी भाषाओं की ऐसी आंधी न आ जाए कि मैं औंधें मुंह गिर पड़ूं।



सच कहें तो गांधी के विचार सार्वकालिक हैं। गांधी भारतीय उदात्त सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत के अग्रदूत के साथ-साथ सहिष्णुता, उदारता और तेजस्विता के प्रमाणिक तथ्य हैं। सत्यशोधक संत भी हैं तो शाश्वत सत्य के यथार्थ समाज वैज्ञानिक भी। राजनीति, साहित्य, संस्कृति, धर्म, दर्शन, विज्ञान और कला के अद्भुत मनीषी भी तो मानववादी विश्व निर्माण के आदर्श मापदण्ड भी। सम्यक प्रगति मार्ग के चिंह्न भी तो भारतीय संस्कृति के परम उद्घोषक भी। गांधी के लिए वेद, पुराण एवं उपनिषद का सारतत्व ही उनका ईश्वर है और बुद्ध, महावीर की करुणा ही उनकी अहिंसा है। सत्य, अहिंसा, ब्रहमचर्य, अस्तेय, अपरिग्रह, शरीर श्रम, आस्वाद, अभय, सर्वधर्म समानता, स्वदेशी और समावेशी समाज निर्माण की परिकल्पना ही उनके जीवन का परम लक्ष्य है। गांधी के आदर्श विचार उनके निजी जीवन तक ही सीमित नहीं रहे। उन्होंने अपने आदर्श विचारों को आजादी की लड़ाई से लेकर समाज निर्माण जैसे जीवन के विविध पक्षों में भी आजमाया। उस समय लोग कहा करते थे कि आजादी के लक्ष्य में सत्य और अहिंसा नहीं चलेगी और न ही इससे सभ्य समाज का निर्माण होगा। लेकिन गांधी ने दिखा दिया कि सत्य और अहिंसा के रास्ते पर चलकर भी आजादी और समाज निर्माण के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। आजादी के आंदोलन के दौरान गांधी ने लोगों को संघर्ष के तीन मंत्र दिए-सत्याग्रह, असहयोग और बलिदान। उन्होंने खुद इसे समय की कसौटी पर कसा भी। सत्याग्रह को सत्य के प्रति आग्रह बताया। यानी आदमी को जो सत्य दिखे उस पर पूरी शक्ति और निष्ठा से डटा रहे। बुराई, अन्याय और अत्याचार का किन्हीं भी परिस्थितियों में समर्थन न करे। सत्य और न्याय के लिए प्राणोत्सर्ग करने को बलिदान कहा। अहिंसा के बारे में उनके विचार सनातन भारतीय संस्कृति की प्रतिध्वनि है। गांधी पर गीता के उपदेशों का व्यापक असर रहा। वे कहते थे कि हिंसा और कायरता पूर्ण लड़ाई में मैं कायरता की बजाए हिंसा को पसंद करुंगा। मैं किसी कायर को अहिंसा का पाठ नहीं पढ़ा सकता वैसे ही जैसे किसी अंधे को लुभावने दृश्यों की ओर प्रलोभित नहीं किया जा सकता। उन्होंने अहिंसा को शौर्य का शिखर माना। उन्होंने अहिंसा की स्पष्ट व्याख्या करते हुए कहा कि अहिंसा का अर्थ है ज्ञानपूर्वक कष्ट सहना। उसका अर्थ अन्यायी की इच्छा के आगे दबकर घुटने टेक देना नहीं। उसका अर्थ यह है कि अत्याचारी की इच्छा के विरुद्ध अपनी आत्मा की सारी शक्ति लगा देना। अहिंसा के माध्यम से गांधी ने विश्व को यह भी संदेश दिया कि जीवन के इस नियम के अनुसार चलकर एक अकेला आदमी भी अपने सम्मान, धर्म और आत्मा की रक्षा के लिए साम्राज्य के सम्पूर्ण बल को चुनौती दे सकता है। गांधी जी नारी सशक्तीकरण के प्रबल पैरोकार थे। उन्होंने कहा कि जिस देश अथवा समाज में स्त्री का आदर नहीं होता उसे सुसंस्कृत नहीं कहा जा सकता। आज के दौर में भारत ही नहीं बल्कि विश्व समुदाय को भी समझना होगा कि उनके सुझाए रास्ते पर चलकर ही एक समृद्ध, सामर्थ्यवान, समतामूलक और सुसंस्कृत विश्व का निर्माण किया जा सकता है। गांधी के इन विचारों से विश्व की महान विभुतियों ने स्वयं को प्रभावित बताया। आज भी उनके विचार विश्व को उत्प्रेरित कर रहे हैं। लोगों द्वारा उनके अहिंसा और सविनय अवज्ञा जैसे अहिंसात्मक हथियारों को आजमाया जा रहा है। ऐसे समय में जब पूरे विश्व में हिंसा का बोलबाला है, राष्ट्र आपस में उलझ रहे हैं, मानवता खतरे में है, गरीबी, भूखमरी और कुपोषण लोगों को लील रही है तो गांधी के विचार बरबस प्रासंगिक हो जाते हैं। अब विश्व महसूस भी करने लगा है कि गांधी के बताए रास्ते पर चलकर ही विश्व को नैराश्य, द्वेष और प्रतिहिंसा से बचाया जा सकता है। गांधी के विचार विश्व के लिए इसलिए भी प्रासंगिक है कि उन्होंने अपने विचारों को स्वयं के आचरण में ढालकर जीया है। उन विचारों को सत्य और अहिंसा की कसौटी पर जांचा-परखा है। 1920 का असहयोग आंदोलन जब जोरों पर था उस दौरान चोरी-चोरा में भीड़ ने आक्रोश में एक थाने को अग्नि की भेंट चढ़ा दी। इस हिंसक घटना में 22 सिपाही जीवित जल गए। गांधी जी द्रवित हो उठे। उन्होंने तत्काल आंदोलन को स्थगित कर दिया। उनकी खूब आलोचना हुई लेकिन वे अपने इरादे से टस से मस नहीं हुए। वे हिंसा को एक क्षण के लिए भी बर्दाश्त करने को तैयार नहीं थे। उनकी दृढ़ता कमाल की थी। जब उन्होंने महसूस किया कि ब्रिटिश सरकार अपने वादे के मुताबिक भारत को आजादी देने में टालमटोल कर रही है तो उन्होंने भारतीयों को टैक्स देने के बजाए जेल जाने का आह्वान किया। विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आंदोलन चलाया। ब्रिटिश सरकार द्वारा नमक पर टैक्स लगाए जाने के विरोध में दांडी यात्रा की और समुद्र तट पर नमक बनाया। उनकी दृढ़ता को देखते हुए उनके निधन पर अर्नोल्ड टोनी बी ने अपने लेख में उन्हें पैगंबर कहा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# आखिर झंडा चोरी हुआ तो हुआ कैसे ?



**प्रकाश हेमावत**
व्यंग्यकार

लल्लनटॉप पार्टी के सुप्रीमो होला छाप उग्र आंदोलन को अमली जामा पहना हुए संघर्ष की राह पकड़ ली तब तक झंडा नहीं मिलेगा, न्याय नहीं मिलेगा तब तक आंदोलन जारी रहेगा इस खबर में मुझे सोचने समझने के लिए मजबूर कर दिया कि, लल्लन टॉप पार्टी का झंडा चोरी कैसे होगा तमाम प्रकार की गोपनीयता और खुफिया जगह रखने के बावजूद भी पार्टी का झंडा चोरी कैसे हो गया यह आश्चर्यजनक किंतु सत्य है। राजनीति करते-करते पार्टी का राजधर्म-संबंधी सभी सिद्धांतों और आदर्शों से लबालब भरे कार्यकर्ता पर बड़ा गहरा असर पड़ता है यह असर किसी उच्च नैतिकता की भावना से परिपूर्ण रूप से नजर आ रहा था। यह सभी सिद्धांत और आदर्श दिखावे के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं किसी को टेंशन लेने की जरूरत नहीं है सिर्फ लिखने और पढ़ने और बोलने में अच्छे लगते हैं ।

झंडा चोरी होने पर सियासत दारों तथा दल के बयान वीरों ने तरह-तरह से सरकार और सरकार की व्यवस्था को लताड़ते हुए झंडा चोरी होने की रिपोर्ट सी सी थाने में लिखवा कर सोशल मीडिया और मीडिया के माध्यम से घोर निंदा का प्रस्ताव रख दिया लल्लनटॉप पार्टी से जुड़ीं हुईं कई पार्टियों ने आंदोलन में शामिल हो कर अपनी भूमिका निभाने का वादा करके खुलम खुला समर्थन किया नवनिर्वाचित लल्लनटॉप पार्टी का झंडा चोरी होना निश्चित रूप से पूरे विश्व की एक मात्र अनोखी घटना है। वैसे भी अगर सही रूप से देखा जाए तो झंडा चोरी होना और सरकार की व्यवस्था को लेकर तरह-तरह का बयान जारी करना यह समझ से परे है। झंडे के लिए पूर्ण रूप से सुरक्षा का दायित्व एवं सावधानी करना यह तो पार्टी का कर्तव्य है, अधिकार है, दायित्व है सरकार का नहीं, झंडा विशेष रूप से शहर के मशहूर पेंटर ने बनाया था और झंडे के सम्मान समारोह में दीपक जलाने के लिए तेल, घी व दीपक नगर के फूरफूर खां साहब ने दिया था एवं के लोकार्पण करने के लिए समय और मुहूर्त प्रसिद्धि पंडित चोटीधारी ज्ञानानंद ने ब्रह्म मुहूर्त निकाला झंडे के लोकार्पण कार्यक्रम के ठीक 1 दिन पहले झंडा चोरी हो जाना सबसे बड़ा सवाल आखिर झंडा चोरी हुआ कैसे? जनता की अदालत में पूछता है कार्यकर्ता? झंडा चोरी हो जाने के सवाल पर इतने सवाल उठने लग गई कि यह सवाल भी क्या सवाल हो गया है जिसने सारी सोशल मीडिया और शहर के साथ-साथ प्रदेशों में भी हलचल मचा दी हर एक के मन में मन की बात सवाल के रूप में उठ रही की, जब तमाम विभाग जगह-जगह छापामारी कार्रवाई कर रही है तो पुलिस इस झंडे को ढूंढने में कैसे नाकाम सिद्ध हो रही है? झंडा प्राप्त करने के लिए छापामारी कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है?

लल्लनटॉप पार्टी के झंडा चोरी होने पर कार्यकर्ता में निराशा होने पर मन ही मन में एक बार फिर से सवाल उठने लगा कि, झंडा चोरी होने से पार्टी के कार्यालय में सन्नाटा पसरा हुआ है झंडा चोरी होने से पार्टी के संकल्प और सपनों के मरने से ऐसा आभास हो रहा है कि कहीं शोकगीत का गायन किया जा रहा है। ऐसी गमगीन और गंभीर परिस्थितियों को देखकर ऐसा लगता है कि किसी ठग बंधन की बुरी नजर लगने से झंडा चोरी हो गया होगा मुझे ऐसा सुनने में आ रहा है।

## नॉलेज कॉर्नर: लम्बे समय से चर्चा में क्यों हैं ये कानून

# CAA-UCC लागू होने पर क्या बदलेगा!

देश में समान नागरिक संहिता (UCC) और नागरिकता संशोधन अधिनियम (CAA) के लागू होने की चर्चा तेज हो गई है। पहली बार इसे लोकसभा में 2016 में पेश किया गया। यहां से पास होने के बाद इसे राज्यसभा में भेजा गया, लेकिन यहां पर यह अटक गया। अटकने के बाद इसे संसदीय समिति के पास भेजा गया। 2019 का चुनाव हुआ और दोबारा मोदी सरकार बनी। सरकार बनते ही इसे दोबारा लोकसभा में पास किया गया। फिर राज्यसभा में भी इस पर मुहर लग गई। दोनों जगह पास होने के बाद 10 जनवरी 2020 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली। हालांकि यह लागू नहीं हो पाया। जानिए, क्या UCC और CAA है, लम्बे समय तक चर्चा में क्यों रहा, अब तक क्यों नहीं लागू हो पाया और यह लागू हुआ तो कितना कुछ बदल जाएगा।

### क्या है यूनिफॉर्म सिविल कोड

UCC का मतलब है यूनिफॉर्म सिविल कोड यानी सामान नागरिक संहिता। आसान भाषा में समझें भारत में रहने वाले सभी नागरिकों के लिए एक कानून होगा। भले ही वो हिन्दू हो या मुस्लिम। यानी धर्म अलग होने पर भी उस पर एक ही कानून लागू होगा। इससे बहुत कुछ बदलेगा। यूसीसी लागू होने पर शादी करने, बच्चा गोद लेने, तलाक और उत्तराधिकार से जुड़े कानून सभी धर्मों के लिए एक जैसे हो जाएंगे। भारत दुनिया का पहला देश नहीं है जहां इसे लागू करने की तैयारी है। इससे पहले अमेरिका, इंडोनेशिया, आयरलैंड, मिस्र, मलेशिया, पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत कई ऐसे देश हैं जहां यह लागू हो चुका है। इन देशों में धर्म कोई भी हो, सभी को एक ही कानून का पालन करना पड़ता है। अब CAA को भी समझ लेते हैं। CAA नागरिकता से जुड़ा कानून है। इसके लागू होने पर सीधे तौर पर पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए उन लोगों को नागरिकता मिल जाएगी जो दिसम्बर 2014 से पहले किसी न किसी तरह की प्रताड़ना से तंग होकर भारत आए थे। इसमें गैर-मुस्लिम अल्पसंख्यकों जैसे- हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शामिल है। इस तरह इसके लागू होने से अलग-अलग राज्यों में ऐसे अल्पसंख्यकों को नागरिकता मिल जाएगी।




### क्यों नहीं लागू हो पाया

CAA यानी सिटिजनशिप अमेंडमेंट एक्ट और यूसीसी लागू होने की बात पर देश के कई राज्यों में बवाल हुआ था। विरोध प्रदर्शन के बाद इसे लागू नहीं किया जा सका। हालांकि, सरकार ने इसको लेकर अपने तर्क दिए थे। केंद्र सरकार का कहना था, जब तक देश में समान नागरिक संहिता नहीं लागू होती तब तक लैंगिक समानता नहीं लागू हो सकती। विशेषज्ञों का कहना था कि यूसीसी को लेकर कुछ बुनियादी सवालों के जवाब ही नहीं मिल पाए हैं। जैसे- शादी और तलाक के मामले में कौन सा नियम लागू होगा? अगर कोई बच्चा गोद लेता है तो क्या होगाइसको लेकर जवाब नहीं मिले।

### पूर्वोत्तर में इसका विरोध

*भारत में उत्तर पूर्व के सात राज्यों को सेवन सिस्टर्स कहा गया है। इन सातों राज्यों में 238 सजातीय समूहों हैं, जिनकी अपनी अलग-अलग परंपरा है। उनकी पहचान अलग है। उनका रहन-सहन अलग है। यह समूह पूर्वोत्तर को ही अपनी धरती कहते हैं।*

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन

**भजनलाल शर्मा**, मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP



मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी... पूर्वी राजस्थान के लिए वरदान ERCP की ऐतिहासिक सफ़लता के पश्चात गुलाबी नगरी जयपुर आगमन पर एयरपोर्ट पर हजारों की संख्या में राजस्थान के मेरे प्रिय परिवारजनों द्वारा बरसाये आशीष, स्नेह व अपनत्व को शब्दों से परिभाषित नहीं किया जा सकता!

वीर भूमि की सतत सेवा करना ही मेरे जीवन का उद्देश्य है और आप सभी के इस प्रेम और स्नेह से राजस्थान के मेरे प्रत्येक परिवारजन की सेवा करने के भाव को बल मिलता है।

कौशल्यानंदन प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि आप सभी का मेरे प्रति यह अटूट विश्वास, अथाह समर्थन और निश्चल प्रेम यूंही सदा बना रहे। आप सभी का कोटि कोटि आभार।

**कांग्रेस अध्यक्ष खरगे का ओडिशा का दौरा:** पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में पीएम मोदी व भाजपा पर साधा निशाना

# लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका, मोदी जीते तो होगी तानाशाही

■ नीतीश के भाजपा के साथ जाने का नहीं होगा कोई असर

एजेंसी | भुवनेश्वर

लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए विभिन्न राज्यों का दौरा कर रहे कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को ओडिशा में भाजपा पर जमकर सियासी प्रहार किए।

उन्होंने दावा किया कि 2024 का लोकसभा चुनाव लोगों के लिए लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका है, क्योंकि अगर भाजपा फिर से जीतती है, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तानाशाही की तरफ बढ़ सकते हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के भाजपा के साथ जाने का आगामी चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। महागठबंधन से एक व्यक्ति के जाने से हम कमजोर नहीं होंगे। हम भाजपा को हरा देंगे। खरगे ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हर किसी को ईडी नोटिस दे रही है। वे लोगों को डरा रहे हैं। डर के कारण कुछ दोस्ती छोड़ रहे हैं। कुछ लोग पार्टी छोड़ रहे हैं। कुछ लोग गठबंधन छोड़ रहे हैं। ऐसे क्या लोकतंत्र बचेगा। यह आपके लिए मतदान करने का आखिरी मौका है। इसके बाद कोई मतदान नहीं होगा। संघ और भाजपा पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि आरएसएस और भाजपा जहर की तरह हैं, उनसे दूर रहें। अगर लोकसभा चुनाव के बाद मोदी सत्ता में आए तो तानाशाही होगी, कोई लोकतंत्र नहीं होगा और कोई चुनाव नहीं होगा।



### राहुल कर रहे हैं देश को एकजुट

उन्होंने कहा, राहुल गांधी देश को एकजुट करना चाहते हैं। उन्होंने मोहब्बत की दुकान खोली है। लेकिन भाजपा और आरएसएस ने नफरत की दुकान खोल दी है। इसी वजह से आपको सतर्क रहने की जरूरत है।

### बदली सियासत में न्याय यात्रा पहुंची बिहार



**पटना।** बिहार में सियासी यूटर्न के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' सोमवार को राज्य की सीमा में प्रवेश कर किशनगंज पहुंच गई है। लेकिन इसके पहले उनका नीतीश कुमार से साथ छूट गया और अब उनकी उम्मीदें राज्य में राजद नेता तेजस्वी यादव पर केंद्रित हो गई हैं। नीतीश कुमार ने महागठबंधन से अलग होने पर यह भी आरोप लगाया था कि उन्हें 'भारत जोड़ा न्याय यात्रा के बिहार में प्रवेश करने की जानकारी नहीं दी गई। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने बिहार में राहुल गांधी का स्वागत किया। कांग्रेस मंगलवार को निकटवर्ती जिले पूर्णिया में एक बड़ी रैली और एक दिन बाद कटिहार में एक और रैली आयोजित करेगी। अखिलेश प्रसाद सिंह ने बताया कि राहुल गांधी गुरुवार को अररिया जिले के रास्ते पश्चिम बंगाल रवाना होंगे और कुछ दिनों बाद झारखंड के रास्ते फिर बिहार लौटेंगे।

### सुवेंदु के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल कांग्रेस इकाई ने सोमवार को भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर कथित अपमानजनक टिप्पणी का आरोप है। दरअसल, हाल ही में वायरल हुए एक वीडियो में अधिकारी ने सोमवार सुबह कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर चर्चा करते हुए कथित तौर पर राहुल गांधी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की। हालांकि, वीडियो क्लिप की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं हो पाई है। राज्य कांग्रेस नेता सुवंकर सरकार ने बताया कि हमने हमारे नेता राहुल गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ पुलिस शिकायत दर्ज कराई है।

### दिल्ली: सौर पैनल की तैयारी, शून्य होगा बिजली खर्च

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि सरकार ने देश की सबसे बेहतरीन सौर ऊर्जा नीति 2024 तैयार की है। यह ऐसी नीति है, जिससे दिल्ली सरकार बिजली के मामले में आत्मनिर्भर होगी और इससे लोगों को आर्थिक लाभ भी मिलेगा। केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि नीति के तहत घर की छत पर सोलर पैनल लगाने वालों को सरकार प्रोत्साहन देगी। इससे बड़ा लाभ यह होगा कि जो लोग अपने अपने घरों पर सोलर पैनल लगाएंगे और उनका 201 यूनिट से अधिक बिजली खर्च आता है, तो उनका भी बिजली का बिल शून्य हो जाएगा। अभी सरकारी इमारतों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाए जा रहे हैं। मगर लोगों में अभी उतनी जागरूकता नही है, अब इसे बढ़ाया जाना है।

**नौकरी के बदले** जमीन घोटाला मामला

# लालू से करीब 10 घंटे तक चली पूछताछ, आज तेजस्वी की बारी

### ईडी दफ्तर के बाहर इंतजार करती रही बेटी मीसा, राजद समर्थक भी डटे रहे

एजेंसी | पटना

बिहार में सत्ता परिवर्तन के बीच वर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में राजद सुप्रीमो लालू यादव से 9 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। सुबह से शुरू हुआ सवालों का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। लालू यादव को ईडी ने पूछताछ के लिए दफ्तर बुलाया था। दस घंटे में 50 सवाल पूछे गए। इस दौरान लालू प्रसाद की पुत्री और राज्यसभा सदस्य मीसा भारती ईडी कार्यालय के बाहर इंतजार करती रही। उ

नके साथ राजद के तमाम वरिष्ठ नेता और समर्थक भी डटे रहे। शाम ढलने के बाद राजद समर्थकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा में सीआरपीएफ को तैनात करना पड़ा। आखिरकार, 10 घंटे पूछताछ के बाद लालू यादव को ईडी ने छोड़ा है।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार को तेजस्वी यादव से भी पूछताछ की जाएगी। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दिए गए समन के बाद सोमवार की सुबह करीब 11 बजे राजद प्रमुख लालू यादव ईडी दफ्तर के लिए रवाना हुए।

उनके साथ पुत्री मीसा भारती भी थी। मीसा भारती ने कहा, आज हमारे पिताजी(लालू प्रसाद यादव) को बुलाया गया है और मंगलवार को भाई(तेजस्वी यादव) को बुलाया गया है, हमें दिल्ली भी बुलाया गया है। जैसे-जैसे चुनाव करीब आ रहे हैं, ऐसा लग रहा है हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काफी ज्यादा डरे हुए लग रहे हैं। आज हमारे साथ हुआ और कल किसी और राजनीतिक पार्टी के साथ होगा। यह सरकार गिरफ्तार कर भी सकती है।



### बेटी रोहिणी ने कहा, पूछताछ से और ज्यादा मजबूत होगा लालू-राबड़ी परिवार

लैंड फॉर जॉब मामले में लालू से ईडी की पूछताछ खत्म होने पर उनकी बेटी रोहिणी आचार्य ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा, लोग कहते हैं: लालू व लालू परिवार झुकेगा नहीं, छापों-पूछताछ का ये सिलसिला रुकेगा नहीं !! जितना प्रताड़ित-परेशान करोगे उससे और ज्यादा मजबूत होगा लालू- राबड़ी परिवार।



### लालू और उनके परिवार पर यह है आरोप

ईडी की चार्जशीट के मुताबिक 2004 से 2009 तक लालू के रेल मंत्री रहने के दौरान रेलवे के अलग-अलग जोन में ग्रुप डी पदों पर कई लोगों को नियुक्त किया गया था। नौकरी पाने वाले लोगों ने इसके बदले में अपनी जमीन लालू परिवार और एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड को ट्रांसफर कर दी थी। प्रवर्तन निदेशालय मनी लॉन्ड्रिंग के पहलु से भी मामले की जांच कर रहा है।

### मीसा भारती ने कहा- पिता बीमार, बैठने में परेशानी

ईडी कार्यालय में मीसा भारती को प्रवेश करने से रोक दिया गया। जिसके बाद उन्होंने अधिकारियों को बताया उनके पिता बीमार हैं और उठने बैठने में उन्हें परेशानी होती है। साथ ही समय-समय पर दवाएं भी देनी होती हैं। इस दौरान वहां मौजूद राजद कार्यकर्ताओं की भीड़ ने लालू की गाड़ी को घेर लिया और उनके समर्थन में नारेबाजी करने लगे। लालू ने उनसे शांति बनाए रखने की अपील की।

**सोरेन के निवास से** खाली हाथ लौटी ईडी

# इंतजार करती रही ED, अब दिया कल आने का समय

एजेंसी | रांची / नई दिल्ली



झारखंड के मुख्यमंत्री और जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय को 31 जनवरी का समय दिया है। ईडी को भेजे गए एक ईमेल में यह जानकारी दी गई है। इससे पहले ईडी की टीम सोरेन से पूछताछ के लिए उनके दिल्ली स्थित घर में पहुंची थी लेकिन वह नहीं मिले।

देर शाम ईडी की टीम सोरेन के आवास से खाली हाथ लौटी। झारखंड विधानसभा में विपक्षी पार्टी भाजपा ने सीएम पर भगोड़ा होने का आरोप लगाया है। इसी बीच, परिवार ने कहा है कि किसी से मुलाकात नहीं होने की व्याख्या उसे भगोड़ा घोषित कर नहीं की जानी चाहिए।

ईडी की टीम दिल्ली में सीएम सोरेन की तलाश में शांति निकेतन,मोतीलाल नेहरू मार्ग और झारखंड भवन भी गई लेकिन वह नहीं मिले। सोरेन को सोमवार को ईडी के सामने पेश होने के लिए कहा गया था। ज्ञात रहे कि जमीन घोटाले से जुड़े मामले में ईडी ने 20 जनवरी को रांची में सीएम सोरेन से उनके आधिकारिक आवास पर पूछताछ की थी। माना जाता है कि उस दिन पूछताछ खत्म नहीं हुई थी, इसलिए नया समन जारी किया गया है। एजेंसी के मुताबिक यह जमीन घोटाले से जुड़ा मामला है। ईडी ने अब तक इस मामले में 14 लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें 2011 बैच की आईएएस अधिकारी भी शामिल हैं।

### राज्यपाल का रुख सख्त

इससे पहले झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी सख्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी शख्स कानून से परे नहीं जा सकता। उन्होंने जमीन घोटाला मामले में ईडी की जांच से जुड़े एक सवाल पर कहा कि आज नहीं तो कल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को तमाम सवालों के जवाब देने पड़ेंगे। राज्यपाल ने कहा, राजभवन पूरे हालात पर करीबी नजर बनाए हुए है।

**उत्तराखंड:** समान नागरिक संहिता लागू करने की तैयारी

# विशेषज्ञ समिति 2 फरवरी को सौंपेगी रिपोर्ट

एजेंसी | देहरादू

उत्तराखंड सरकार जल्द समान नागरिक संहिता लागू (यूसीसी) करने वाली है। यूसीसी को लेकर राज्य सरकार द्वार गठित विशेषज्ञ समिति अपनी मसौदा रिपोर्ट 2 फरवरी को सरकार को सौंप देगी। पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में गठित समिति ने यूसीसी की ड्राफ्ट रिपोर्ट तैयार की है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी। उन्होंने लिखा, यूनिफॉर्म सिविल कोड का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए बनी कमेटी 2 फरवरी को अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपेगी। हम आगामी विधानसभा सत्र में विधेयक लाकर समान नागरिक संहिता को प्रदेश में लागू करेंगे। ज्ञात रहे कि प्रदेश सरकार ने मई 2022 में उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का ड्राफ्ट तैयार करने के लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित की थी। कमेटी ने प्रदेश के 13 जिलों में विभिन्न सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवी और सभी धर्म के लोगों से इस पर बात की।



### पांच फरवरी से है विधानसभा सत्र

उधर, उत्तराखंड सरकार ने विधानसभा का सत्र 5 फरवरी से 8 फरवरी तक बुलाया है। विशेष रूप से यह सत्र समान नागरिक संहिता कानून का ड्राफ्ट सदन में पेश करने के लिए बुलाया गया है। इस विधानसभा सत्र में समान नागरिक संहिता कानून को लेकर चर्चा की जाएगी। इसके बाद इसको कानून का रूप देकर प्रदेश में लागू किया जाएगा।

**नीतीश के यू-टर्न से** बदलेंगे सियासी समीकरण

# भाजपा को जातीय गणना की मांग कमजोर पड़ने की है उम्मीद

एजेंसी | पटना

बिहार में नीतीश कुमार के सियासी यू-टर्न से राज्य में कई सियासी व सामाजिक समीकरण भी बदलने की संभावना है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि भाजपा ने नीतीश कुमार को साथ लेकर, विपक्षी गठबंधन की सोशल इंजीनियरिंग की धार को कुंद कर दिया है। नीतीश ने महागठबंधन सरकार के दौरान राज्य में जातीय जनगणना कराई थी और उसके नतीजे जारी होने के साथ ही राज्य में आरक्षण में बदलाव किया था। नीतीश के पाला बदल के बाद अब राजद व कांग्रेस के पास वोट बैंक के रूप में राजद व मुस्लिम समुदाय का साथ बचा है और उनमें सेंध लगाना भाजपा के लिए भी चुनौती बना हुआ है। लेकिन भाजपा ने महागठबंधन को तोड़कर सीधी चुनौती की संभावना को सामाप्त कर दिया है। भाजपा ने सरकार के गठन में भी सामाजिक समीकरण साधे हैं। इसका असर अन्य राज्यों में पड़ने की संभावना है।



उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी कुशवाहा (कोइरी) बिरादरी से आते हैं। राज्य में इस जाति की आबादी 6 प्रतिशत है। वहीं दूसरे उपमुख्यमंत्री सिन्हा भूमिहार बिरादरी से आते हैं और राज्य में इसकी कुल आबादी 2.86 प्रतिशत है। भाजपा को ये उम्मीद है कि जदयू के साथ गठबंधन के बाद जाति जनगणना की मांग कमजोर पड़ेगी। गौरतलब है कि बिहार देश का पहला ऐसा राज्य है जिसने पिछले साल जाति जनगणना कराई थी।

**सीएए को लेकर चढ़ा सियासी पारा**

# सात दिन में लागू हो जाएगा CAA: शांतनु ठाकुर, चुनावी नौटंकी: कुणाल

एजेंसी | कोलकाता

नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू करने को लेकर एक बार फिर सियासी तापमान बढ़ गया है। केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के काकद्वीप में एक सार्वजनिक बैठक में दावा किया कि देश में सात दिनों के भीतर नागरिकता संशोधन अधिनियम(सीएए) लागू कर दिया जाएगा। वह बोले, मैं मंच से गारंटी दे रहा हूं।

ठाकुर ने पिछले साल दिसंबर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के उस भाषण का भी जिक्र किया जिसमें उन्होंने नागरिकता संशोधन अधिनियम को देश का कानून बताया था और कहा था कि इसके लागू होने से कोई नहीं रोक सकता है। ठाकुर के इस दावे के बाद राज्य में विवाद शुरू हो गया। राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इसको लेकर भाजपा पर पलटवार किया। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा, हमारी पार्टी सुप्रीमो और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि पश्चिम बंगाल में सीएए लागू नहीं किया जाएगा।

भाजपा नेता लोकसभा चुनाव से पहले इस तरह के झूठे वादे करके राजनीतिक नौटंकी करने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य की मंत्री और टीएमसी प्रवक्ता डॉ. शशि पांजा ने कहा कि हमेशा की तरह भाजपा अपनी पुरानी हरकतों पर लौट रही है।

उन्होंने कहा है कि सीएए बंगाल में लागू होगा। वो खुद यह कहते हुए आत्मविश्वास की कमी से जूझ रहे हैं। हमारी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने साफ कहा है कि लोगों की नागरिकता भाजपा के लिए चुनाव का मुद्दा है। बंगाल के लोग पहले ही देश के नागरिक हैं और उन्हें दोबारा नागरिकता नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि वे लोग जो बंगाल में हैं, उन्हें आश्वस्त रहना चाहिए कि उन्हें बंगाल में अलग-अलग योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा, राशन मिलता रहेगा और वे चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा बने रहेंगे। भाजपा चुनावी मुद्दे के तौर पर इस मसले को उठा रही है। उनके पास बंगाल के लोगों के लिए कोई नजरिया नहीं है, न तो लोगों से जुड़े मुद्दों के लिए, न ही सुरक्षा के मुद्दे पर।







### मंत्री के बयान का भाजपा करे खंडन

कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा, जब कोई मंत्री कोई बयान देता है, तो उसे तब तक मंत्रिमंडल का बयान माना जाता है, जब तक उसका खंडन न किया जाए। भाजपा को इस बयान का खंडन करना चाहिए। संसद सत्र के शुरू होने में ज्यादा समय नहीं बचा है।'

### दावे के पीछे ठाकुर का क्या है सियासी गणित

ठाकुर उत्तर 24 परगना जिले के मटुआ समुदाय की बहुलता वाले क्षेत्र बोंगांव से भाजपा सांसद हैं। राज्य की अनुसूचित जाति की आबादी में मटुआ समुदाय का एक बड़ा हिस्सा है। 1950 के दशक से यह समुदाय मुख्य रूप से तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में धार्मिक उत्पीड़न के कारण पश्चिम बंगाल की ओर पलायन कर गया था। नब्बे के दशक के बाद से पश्चिम बंगाल में राजनीतिक दलों ने सक्रिय रूप से मटुआ समुदाय के लोगों का समर्थन हासिल करने की कोशिश की जो अपनी उल्लेखनीय आबादी और एक साथ मतदान करने की प्रवृत्ति के कारण अल्पसंख्यकों के समान एक अहम वोट बैंक माने जाते हैं।

### 2019 में पारित हुआ था सीएए

दिसंबर 2019 में संसद में सीएए पारित किया गया था। इसके तहत बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता देने की बात कही गई है।

## जरूरी खबर

### जाति प्रमाण पत्र मामले में कोर्ट करेगा सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट पश्चिम बंगाल में एमबीबीएस में प्रवेश के लिए आरक्षित श्रेणी की सीट के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को जाति प्रमाणपत्र जारी करने में अनियमितताओं के आरोपों की सीबीआई से जांच कराने के मुद्दे से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। शीर्ष अदालत ने सोमवार को याचिकाएं अपने हाथ में ले ली हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट की दो पीठ में टकराव के बाद कोर्ट ने यह फैसला किया है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि उसने इस मुद्दे से संबंधित सभी मामलों को अपने हाथ में लेने का फैसला किया है।

### शादी की उम्र संबंधी समिति का कार्यकाल बढ़ा

**नई दिल्ली।** लड़कियों की शादी की न्यूनतम आयु को 18 से बढ़ाकर 21 साल करने वाले विधेयक पर विचार कर रही एक संसदीय समिति को अपनी रिपोर्ट पेश करने के लिए अतिरिक्त समय दिया गया है। आगामी 31 जनवरी से शुरू होने वाला संसद का बजट सत्र लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले वर्तमान लोकसभा का आखिरी सत्र है। समिति अब चार महीने के कार्यकाल विस्तार के बाद मई तक अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देगी जबकि 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त हो रहा है।

### LAC पर सेना की मजबूत व संतुलित तैनाती: सेनाध्यक्ष



**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सोमवार को कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर स्थिति स्थिर और संवेदनशील बनी हुई है। बीते एक साल में एलएसी के आसपास और अधिक टकराव के बिंदु नहीं देखे गए हैं। हमने मजबूत और संतुलित तैनाती की हुई है। जनरल पांडे ने एक साक्षात्कार में कहा, चीन के साथ सैन्य स्तर के साथ-साथ राजनयिक स्तर पर भी वार्ता और संवाद जारी है। अप्रैल, 2020 के बाद से दोनों देशों के बीच 20 उच्चस्तरीय सैन्य वार्ताएं और भारत-चीन सीमा मामलों पर वर्किंग मैकेनिज्म फार कंसल्टेशन एंड कोआर्डिनेशन की 14 बैठकें हो चुकी हैं।

## बीटिंग द रिट्रीट में सामूहिक शंखनाद ने मोहा



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार को बीटिंग द रिट्रीट समारोह के दौरान रायसीना हिल्स पर सामूहिक बैंड के 'शंखनाद' से लेकर नौसेना के मधुर 'मिशन चंद्रयान' की धुनें गूंजती रहीं। समारोह की शानदार शुरुआत सामूहिक बैंड के 'शंखनाद' से हुई, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। विजय चौक पर आयोजित यह भव्य कार्यक्रम गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतीक है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और देश के सर्वोच्च सैन्य अधिकारी शामिल हुए।

### पन्नू के खिलाफ लुकआउट नोटिस की तैयारी



**लखनऊ।** अयोध्या में आतंककारी हमले के लिए राजस्थान के गैंगस्टर से रेकी कराने के मामले में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ एटीएस पुख्ता सुबूत जुटा रही है। एटीएस उसके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी करने के लिए पंजाब पुलिस के साथ केंद्रीय खुफिया एजेंसियों से भी मदद लेगी। बता दें कि कनाडा में पनाह लिए पन्नू लगातार भारत विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में है। वह कई बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राम मंदिर को लेकर धमकियां दे चुका है। अयोध्या में हमले की साजिश के मामले में पहली बार उसे नामजद किया गया है। अयोध्या में हमले की साजिश के मामले में एटीएस पन्नू को कानून के दायरे में लाने की कवायद में जुटी है।

## कृष्ण जन्मभूमि मामले में अदालत का बड़ा फैसला

# ईदगाह परिसर के सर्वे पर रोक जारी रहेगी... सुनवाई अप्रैल में

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मथुरा और इसके बगल में बनी ईदगाह मामले में सोमवार को कहा कि फिलहाल ईदगाह कॉम्पलेक्स के सर्वे पर लगी रोक यानी स्टे ऑर्डर प्रभावी रहेगा। कोर्ट ने अंतरिम रोक अप्रैल तक बढ़ाई है। मामले की अगली सुनवाई अप्रैल के पहले सप्ताह में होगी। शीर्ष अदालत ने सभी पक्षों से लिखित जवाब दाखिल करने को कहा है। साथ ही शाही ईदगाह के कोर्ट कमिश्नर के सर्वे के हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक जारी रहेगी।

न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को निरस्त करने से इनकार कर दिया।



मुस्लिम पक्ष ने शाही ईदगाह के सर्वे के लिए कोर्ट कमिश्नर की नियुक्ति पर रोक लगाने की मांग की थी। खंडपीठ ने अपने आदेश में कहा, हाईकोर्ट की तरफ से पारित अंतरिम आदेश शीर्ष अदालत का अंतिम फैसला आने तक प्रभावी रहेंगे। अप्रैल, 2024 में मामले को फिर से सूचीबद्ध करने का निर्देश देते हुए अदालत ने मुकदमे में शामिल सभी पक्षों को अगले लगभग तीन महीने में दलीलें पूरी करने का निर्देश भी दिया।शीर्ष अदालत ने साफ किया कि मथुरा कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से जुड़ी सभी याचिकाओं पर अप्रैल में एक साथ सुनवाई होगी।

### ज्ञानवापी के सील किए गए क्षेत्र में सर्वे की मांग

**सुप्रीम कोर्ट पहुंचा हिंदू पक्ष**

एजेंसी | नई दिल्ली

ज्ञानवापी मामले में हिंदू पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। हिंदू पक्ष ने कोर्ट से कहा है कि वह 19 मई 2023 को दिए अपने उस आदेश में बदलाव करे, जिसके तहत परिसर में जिस जगह पर शिवलिंग मिली थी, उस जगह पर वैज्ञानिक सर्वे पर लगी रोक को हटाया जा सके। याचिका में मांग की गई है कि कोर्ट पुरातत्व विभाग के महानिदेशक को ज्ञानवापी की उस जगह पर सर्वे के निर्देश दे, जिस जगह पर कथित तौर पर शिवलिंग होने की बात कही गई थी। ताकि सील्ड क्षेत्र में मौजूद उस 'शिवलिंग' को बिना नुकसान पहुंचाए उसकी प्रकृति और उससे जुड़े अन्य तथ्यों का पता लगाया जा सके। याचिका में मांग की गई है कि सर्वे को परिसर में बनी नई और कृत्रिम दीवारों-छतों को हटाने के बाद ही सर्वे किया जाए।

## गृह मंत्रालय का अहम फैसला

# सिमी पर प्रतिबंध पांच साल और बढ़ाया गया

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर प्रतिबंध पांच साल और बढ़ाने का फैसला लिया गया है। गृह मंत्रालय ने बताया कि सिमी को यूएपीए कानून के तहत गैरकानूनी संगठन घोषित किया गया है। गृह मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म- एक्स पर जारी एक बयान में कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीरो टॉलरेंस के दृष्टिकोण के तहत सिमी का गैर कानूनी संगठन घोषित किया गया है। सिमी को आतंकवादी कृत्यों में संलिप्त पाया गया है। सिमी को सरकार ने देश की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता के लिए भी खतरा माना है। पिछले साल केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दाखिल कर सिमी पर लगे प्रतिबंध को सही ठहराया था। केंद्र सरकार की ओर से दाखिल हलफनामे में कहा था कि सिमी भारतीय राष्ट्रवाद के खिलाफ है।




### SC में भी गया था सिमी का मामला

इससे पहले जुलाई, 2023 में सिमी पर बैन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। हालांकि, अदालत ने तत्काल सुनवाई से इनकार करते हुए याचिकाकर्ताओं को बाद में अपील करने की निर्देश दिया। इसके बाद बीते छह महीने में इस मामले पर सुनवाई नहीं हुई है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार सिमी से पहले भी कई संगठनों पर प्रतिबंध लगा चुकी है।

## उच्चतम न्यायालय का निर्देश

# मुकदमों में वादी की जाति व धर्म का उल्लेख करना तुरंत बंद हो

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अपनी रजिस्ट्री और अन्य सभी अदालतों को तुरंत अदालती मामलों में वादकारियों की जाति या धर्म का उल्लेख करने की प्रथा को बंद करने का निर्देश किया है।

न्यायाधीश हिमा कोहली और न्यायाधीश अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने सभी उच्च न्यायालयों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उनके अधिकार क्षेत्र के तहत उच्च न्यायालयों या अधीनस्थ न्यायालयों के समक्ष दायर किसी भी याचिका में पक्षकारों के ज्ञापन में किसी वादी की जाति या धर्म का उल्लेख न हो।

शीर्ष अदालत ने राजस्थान में एक पारिवारिक अदालत के समक्ष लंबित वैवाहिक विवाद में स्थानांतरण याचिका की अनुमति देते हुए यह आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि पक्षों के ज्ञापन में पति-पत्नी दोनों की जाति का उल्लेख किया गया था।याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को सूचित किया कि यदि नीचे की अदालतों के समक्ष दायर पक्षों के ज्ञापन में किसी भी तरह से बदलाव किया जाता है, तो रजिस्ट्री आपत्ति उठाती है और वर्तमान मामले में, क्योंकि दोनों पक्षों की जाति का उल्लेख अदालत के समक्ष किया गया था, इसलिए उनके पास स्थानांतरण याचिका में उनकी जाति का उल्लेख करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

### अमेरिका: हर 10 वीजा आवेदकों में से एक भारतीय

**नई दिल्ली।** भारत में मौजूद अमेरिकी अधिकारियों की टीम ने साल 2023 में रिकॉर्ड 14 लाख अमेरिकी वीजा जारी किए हैं। यह संख्या पहले की तुलना में कहीं अधिक है। वहीं, विजिटर वीजा अपॉइंटमेंट प्रतीक्षा समय में 75 फीसदी की कमी आई है। भारत में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावास ने कहा कि अब दुनिया भर में हर 10 अमेरिकी वीजा आवेदकों में से एक भारतीय होते हैं। विजिटर वीजा अमेरिकी मिशन के इतिहास में सात लाख से भी ज्यादा आवेदनों के साथ में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है।

## बिजनेस एक्सपो भारत टेलीकॉम 2024 शुरू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को दो दिवसीय एक्सक्लूसिव इंटरनेशनल बिजनेस एक्सपो भारत टेलीकॉम 2024 का आयोजन किया गया। संचार मंत्रालय में सचिव डॉ.नीरज मित्तल ने इसका उद्घाटन किया।

**परीक्षा पर चर्चा: पीएम मोदी ने विद्यार्थियों को दिया गुरुमंत्र**

# बच्चों के रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड न बनाएं अभिभावक: मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को देश भर के छात्र-छात्राओं से परीक्षा के तनाव से निकलने की सलाह दी साथ परीक्षा के बारे में कई टिप्स दिए। पीएम मोदी परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में देशभर के बच्चों से मुखातिब थे।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने न सिर्फ छात्रों को बल्कि शिक्षकों और अभिभावकों के लिए सुझाव दिए। उन्होंने माता पिता से भी अपील की कि बच्चों के परफॉर्मेंस और उनके रिपोर्ट कार्ड को अपना विजिटिंग कार्ड न बनाएं। उन्होंने बच्चों से कहा कि मोबाइल्स को रील्स नहीं पढ़ाई के लिए इस्तेमाल करें।



### अपने बारे में यह बोले पीएम मोदी

मैं हर चुनौती को चुनौती देता हूं। चुनौती जाएगी, स्थितियां सुधर जाएगी, इसकी प्रतीक्षा करते हुए मैं सोया हुआ नहीं रहता हूं। हर चुनौती के लिए स्ट्रेटजी बनाता हूं।

### बच्चों को गुरुमंत्र

- प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए
- दोस्तों के प्रति ईर्ष्या की भावना नहीं रखनी चाहिए
- दूसरों से नहीं, खुद से प्रतिस्पर्धा करें
- जहां आप मजबूत हैं, वहां आप उसकी(साथी) मदद करें। जिस विषय में वह मजबूत हो, उससे आप मदद लें।
- मोबाइल पर कितनी ही प्रिय चीजें क्यों न आ रही हो, लेकिन उसका एक समय निश्चित करना बहुत जरूरी है।
- हमें आदत डालनी चाहिए कि हम निर्णायक बनें। अनिर्णायकता बहुत खराब होती है। उससे बाहर आना चाहिए।
- लिखने का अभ्यास जरूर करें, जितना लिखेंगे उतनी स्पीड आएगी और गलतियां समझ में आएंगी।

### माता पिता को नसीहत

आपको किसी बच्चे की तुलना किसी दूसरे से नहीं करनी चाहिए क्योंकि यह उसके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

### शिक्षकों को सीख

टीचर्स को बच्चों से घुलना मिलना चाहिए। क्लास में सहज माहौल बनाएं जिससे बच्चे आपमें रुचि लें।-शिक्षक का काम केवल नौकरी करना या नौकरी बदलना नहीं है, उसका काम जिंदगी को संवारना और उसे सामर्थ्य देना है। ऐसे शिक्षक ही परिवर्तन लाते हैं।

### अपने बच्चों की दूसरों से न करें तुलना

पीएम मोदी ने कहा, मां बाप दबाव डालते हैं। हमेशा बच्चों की तुलना दूसरे बच्चों से करते हैं। ऐसे में मैं पैरेंट्स से गुजारिश करता हूं कि अपने बच्चों की तुलना किसी से ना करें। बच्चों के मन में द्वेष की भावना पैदा होती है। पीएम ने कहा कि आपको खुद से प्रतिस्पर्धा करनी है। 100 अंक में किसी के 90 अंक आते हैं तो किसी के कम। देखा जाए तो 100 अंक सबके लिए हैं। हमें कोशिश करनी चाहिए कि खुद पर मेहनत करें। किसी से द्वेष ना करें।

### दोस्तों से संवाद करें

पीएम मोदी ने कहा कि होशियार बच्चों से दोस्ती करें। दोस्तों से कई विषयों पर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कोई गणित में तेज है तो उससे गणित सीख लीजिए। कोई भाषा में तेज है तो उससे भाषा के बारे में जानकारी ले लिया जाए। उन्होंने कहा कि दोस्ती बिना लाभ-हानि के होती है। दोस्ती पूरी जिंदगी भर की होती है। हमें अच्छे दोस्तों से सीखने की जरूरत है।

### किताबों से घिरे न रहें

पीएम मोदी ने पढ़ाकू स्टूडेंट्स के बारे में कहा कि कई बच्चों को देखता हूं कि वे हमेशा किताबों से घिरे रहते हैं। घर से लेकर ट्रेन तक किताबों में घुसे रहते हैं। उन्होंने छात्रों को सुझाव देते कहा कि एग्जाम हॉल में पहुंचने से पहले आराम से सांस लें। हंसे, चुटकुला सुनाएं, फालतू तनाव से दूर रहे।

## राजस्थान पोलो क्लब में हुई शुरुआत

# इंटरनेशनल प्लेयर्स के साथ जयपुर पोलो सीजन-2024 का रोमांच शुरू

- सैफ अली खान और करीना कपूर ने बढ़ाई रौनक
- 31 मार्च तक खेले जाएंगे विभिन्न टूर्नामेंट



**बेधड़क** | जयपुर

घोड़ों की टाप, इंटरनेशनल इंग्लिश प्लेयर्स के साथ जयपुर पोलो टीम और बॉलीवुड के सैफीना (सैफ अली और करीना कपूर) का रोमांच। ये सब गुलाबी नगरी की फिजा को और भी गुलाबी कर देगा। साथ ही कई बॉलीवुड स्टार्स और दुनिया के कई कोनों से पोलो प्लेयर्स जयपुर में शिरकत करते हुए बेहतरीन खेल का परचम लहराएंगे।

इसके लिए सिंगलटन सोशल निकोबार द्वारा जयपुर पोलो सीजन-2024 राजस्थान पोलो क्लब (आरपीसी) में शुरू किया गया। 31 मार्च तक होने वाले सीजन में 12 गोल्स का सिरमौर कप और केरिसिल द्वारा जयपुर ओपन टूर्नामेंट (12 गोल्स) खास होगा। सिरमौर कप 12 से 18 फरवरी तक खेला जाएगा, जबकि जयपुर ओपन 19 से 25 फरवरी तक होगा। इसके लिए सवाई पद्मनाभ सिंह और अन्य एक मंच पर आए और ट्रॉफिज शोकेस की। इस अवसर पर राजस्थान पोलो क्लब (आरपीसी) के ऑनररी सेक्रेटरी दिग्विजय सिंह और आरपीसी जॉइंट सेक्रेटरी विक्रमादित्य बरकाना भी उपस्थित रहे।

### लेडीज भी दिखाएंगी जोश

पद्मनाभ सिंह ने बताया, कि पिछले सीजन में मैच की सफलता को देखते हुए जयपुर पोलो सीजन में इस वर्ष लेडीज पोलो मैच होंगे। इसका उद्देश्य महिलाओं को हॉर्स पोलो के खेल में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करना है। ये 2 मार्च को होगा। सिंह ने कहा, कि इस बार सीजन पहले से ज्यादा लंबा होगा। इसके लिए सैफ अली और करीना कपूर के साथ कई बॉलीवुड सितारों को इनवाइट किया गया है। एसएमएस गोल्ड वास (8 गोल्स) 29 जनवरी से 4 फरवरी तक खेला जाएगा। सीजन का दूसरा टूर्नामेंट द राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप (8 गोल्स) है। यह 5 से 11 फरवरी तक होगा। दूसरी ओर राजस्थान टूरिज्म पोलो कप (6 गोल्स) 26 फरवरी से 3 मार्च तक होंगे। इसके बाद 4 से 10 मार्च और 11 से 17 मार्च तक दो आरपीसी कप (4 गोल्स प्रत्येक) का आयोजन किया जाएगा।




### सेना के अधिकारी और टॉप प्लेयर्स खेलेंगे मैच

इस सीजन में टॉप पोलो खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें क्रिस मैकेंजी (+6), मटियास वायल (+6), मैट पेरी (+6), सैंटियागो मराम्बियो (+6), डैनियल ओटामेंडी (+5), मनोलो एफ लोरेंटे (+5), सवाई पद्मनाभ सिंह ऑफ जयपुर, अभिमन्यु पाठक, लांस वॉटसन, सिद्धांत शर्मा (+4 प्रत्येक), ध्रुव पाल गोदारा, अंगद कलान, गोंजालो यानजोन, बरनाल गोंजालो, कुलदीप सिंह राठौड़, नवीन सिंह (+3 प्रत्येक) शामिल हैं। साथ ही सेना के कुछ अधिकारी भी हिस्सा लेंगे।

## मॉडल्स ने दिखाई टेक्निक्स



**बेधड़क. जयपुर।** मॉडल्स, इनफ्लुएंसर, ब्लॉगर्स ने स्टाइलिश पोज में लुक्स को रैंप पर प्रेजेंट किया। वहीं वर्कशॉप में एक्सपर्ट्स से मेकअप आर्टिस्ट्स ने मेक ओवर और बदलते ट्रेंड्स पर चर्चा की। पिंक बेस्ड थीम पर हुई सेरेमनी में शहर की प्रोफेशनल मॉडल्स ने कैटवॉक किया। आर्टिस्ट हर्षिता के लेटेस्ट व ट्रेंडी मेकअप कलेक्शन को रिप्रेजेंट भी किया गया तो जयपुराइट्स रोमांचित हो गए। फैशन इनफ्लुएंसर ने ट्रेंड्स पर चर्चा की और आइडियाज शेयर किए।

## सदाबहार गीतों पर झूमे श्रोता




**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर की फिजा फिल्मी गीतों से रूबरू हुई तो कला प्रेमी झूम उठे। नजारा था वॉइस मैराथन ऑफ इंडिया सीजन-2 का। फाउंडर एस कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज सेवी बसंत जैन थे। समन्वयक रेखा कुमावत ने मंच संचालन शायराना अंदाज में किया। शैलेन्द्र महानोत, डॉ. वर्षा श्रीवास्तव, रीना बराला, किशन रूपानी, चंद्रकला, डॉ. अनिशा चावला, अनूप धानुका सहित अनेक सिंगर्स ने सुरीली शाम सजाई।

## 475 यूनिट ब्लड एकत्रित



**बेधड़क. जयपुर।** मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ व उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी के जन्मदिन पर जयपुर के मरुधर हॉस्पिटल में डॉ. शिवराज सिंह राठौड़ व गजराज सिंह नाथावत ने ब्लड कैम्प आयोजित किया। शिविर में 475 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ और सभी रक्त दाताओं को प्रशास्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंगलवार को दिया का जन्मदिन है।

## City इवेंट्स

### सिनेमा में क्षेत्रीय और राजस्थानी भाषा पर चर्चा



**बेधड़क, जयपुर।** सिनेमा में क्षेत्रीय भाषा और राजस्थानी भाषा के भविष्य और चुनौतियों पर जब बोलने की बारी आई तो परत दर पर कई किस्से और नवीन जानकारियां सामने थीं। विशेषज्ञों ने सब्जेक्ट को विस्तार से लिया और कभी चिंता तो कभी खुशी जाहिर की। मौका था राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल-2024 में टॉक शो का। साथ ही 8 राजस्थानी फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। टॉक शो में फेस्टिवल डायरेक्टर सोमेंद्र हर्ष, राजस्थान राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा, अभिनेता मारवाड़ रवि पुरोहित, डायरेक्टर जिगर नगड़ा, अभिनेत्री प्रियंका चौहान, डायरेक्टर धर्मेंद्र उपाध्याय, राजस्थानी लेखक व डायरेक्टर मोहन काविया ने राजस्थानी सिनेमा और महिला प्रधान फिल्मों पर चर्चा की।

### कल्चरल प्रोग्राम में यूनिटी का मैसेज

**बेधड़क, जयपुर।** कल्चरल प्रोग्राम के जरिए एकजुट होकर आगे बढ़ने का मैसेज दिया। मौका रहा एएसए के फाउंडेशन डे का। इसकी अध्यक्षता पूर्व जनरल मानदाता सिंह ने की तो चीफ गेस्ट कमांडेंड नवनीत जोशी ने संबोधित किया। महासचिव जितेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि इस मौके पर कई पॉइंट्स पर चर्चा करते हुए उन पर विचार किया गया और सभी ने गेट टू गेदर करते हुए कल्चरल प्रोग्राम के बीच खुशियां बांटीं। इस मौके पर गोपाल सिंह तंवर, कैप्टन होशियार सिंह, पूरन सिंह राठौड़, कु. उदयभान सिंह, वीरेंद्र सिंह धीरावत, सुरेंद्र सिंह, लक्ष्मण सिंह, उम्मेद सिंह, किशोर सिंह आदि मौजूद रहे।

### क्रिकेट के लिए डॉक्टर्स रैंप पर



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर डॉक्टर्स प्रीमियर लीग की ट्रॉफी लॉन्च के मौके पर धरती के भगवान रैंप पर नजर आए। डॉक्टर्स सोशल एंड वेलफेयर सोसायटी की ओर से लीग में देश भर के डॉक्टर्स हिस्सा ले रहे हैं। लीग फाउंडर व प्रेसिडेंट डॉक्टर शिवराज सिंह राठौर ने बताया, कि लीग 15 साल से हो रही है। थीम "हेल्दी हार्ट फॉर ऑल" रखी गई है। डॉ. नितिन पांडे को दो मिनिट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई।

## भगवान श्रीराम थीम पर हुई संगीतमय प्रतियोगिता

# हरे हेरिटेज उत्सव का आगाज, युवाओं ने दिखाया उत्साह



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर में कल्चरल हेरिटेज फेस्ट का आगाज किया गया। भगवान् श्री राम थीम पर हो रहे फेस्ट में पहले दिन बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। गौरतलब है, कि हरे कृष्ण मूवमेंट 15 साल से फेस्ट का आयोजन कर रहा है और इस बार थीम भगवान् श्री राम होने से ये खास है। कृष्ण कल्चरल सेंटर के सुधर्मा हॉल में हो रहे आयोजन में स्टेज इवेंट में पहले दिन रामायण और गीता के श्लोकों के उच्चारण की प्रतियोगिता रखी गई। प्रतियोगिता में विजेताओं को इनाम में 6,00,000 तक के पुरस्कार दिए जाएंगे।

कॉम्पीटिशन में एक मिनट का समय दिया गया, जिसमें उन्होंने आंखें बंद करके भागवद गीता या रामायण के मंत्रों का उच्चारण किया। बच्चों का उत्साह वर्धन करने के लिए निर्णायक मंडल में दूरदर्शन के असिस्टेंट डायरेक्टर मुरारी गुप्ता, डॉ. रानी दाधीच और सुनील नर्नाव्लिया उपस्थित रहे। प्रतियोगिओं ने जूरी से सवाल-जवाब करते हुए कई प्रकार की जिज्ञासा पूरी की। साथ ही उनको गीता व राम का महत्व विस्तार से बताया गया तो वे रोमांचित हो उठे। संगीतमय प्रतियोगिता से उनमें भक्तिभाव जगाने का प्रयास भी किया गया।

## फिक्की मेंबर्स ने किया सेंट्रल जेल का दौरा

# कैदियों को मुख्यधारा में लाने के लिए चलाया अभियान



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर से फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन के मेंबर्स ने अजमेर के सेंट्रल जेल में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। फिक्की एफएलओ वहां पुरुष-महिला दोनों जेलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में गए। चेयरपर्सन नेहा ढड्डा के अनुसार आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को समाज में वापस स्थापित करना आसान नहीं है। यदि वे ठीक से कुशल होंगे तो समाज में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। ऐसे में उनके लिए कार्यक्रम चलाए गए हैं। पुरुषों की जेल में एफएलओ ने एक कंप्यूटर लैब स्थापित की है जहां कैदियों को एमएस डॉस, एमएस ऑफिस, टैली के लिए प्रशिक्षित किया जाता है।

ताकि सजा के बाद उन्हें ऑफिस या अकाउंटेंट की नौकरी मिल सके। वहां डोनेट किए गए 10 कंप्यूटर्स पर वे सभी प्रशिक्षण ले रहे हैं। वहीं दूसरी ओर महिला जेल में फिक्की ने सभी महिला बंदियों को सिलाई-कढ़ाई का प्रशिक्षण देना शुरू किया गया है। इस दौरान निताशा चोर्डिया (पूर्व अध्यक्ष), श्वेता चोपड़ा (पूर्व अध्यक्ष), अनुश्री दासोत (कार्यकारी समिति), श्रुति ढड्डा, शरद अग्रवाल, स्वाति छाबड़ा, सुगंधा पाटनी, नेहा परासर आदि अजमेर जेल के दौरे और कार्यक्रम में शामिल रहीं।

**प्रस्तुति** | 34वीं अखिल भारतीय महेंद्र भट्ट स्मृति संगीत प्रतियोगिता

# सिरमौर बनने के लिए प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

**बेधड़क** | जयपुर

सुर नूर गायन, सुर नूर वादन और सुर नूपुर नृत्य सहित कई अवॉर्ड्स के लिए प्रतिभा का प्रदर्शन कर निर्णायकों की पसंद की रचनाएं सुनाते हुए उन्हें प्रभावित करने की कोशिश की गई। हर कोई अपना बेस्ट दे रहा था और ये सिलसिला देर तक चला। नजारा था दर्शक संस्था की ओर से 33 साल से आयोजित हो रही महेंद्र भट्ट स्मृति अखिल भारतीय संगीत व नृत्य प्रतियोगिता का, जिसमें देश व प्रदेश के विभिन्न भागों से प्रतिभागियों के हुनर दर्शाया।



### सिरमौर पुरस्कारों की रही ललक

प्रतियोगियों ने सिरमौर पुरस्कारों के लिए मुकाबला किया, जिसमें संगीत के पारखियों ने हुनर परखा। अब आगे पिछले साल के कुछ सिरमौर प्रतियोगियोगियों की गेस्ट परफारमेंस भी होगी। संयोजक प्रोमिला राजीव ने बताया, कि सिरमौर पुरस्कारों, गोल्ड मैडल्स के अलावा विभिन्न श्रेणियों के 100 से भी अधिक पुरस्कार दिए जाएंगे। एक सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगी को चेयरमैन रहे नील बहादुर सिंह कार्की की स्मृति में 25 हजार रुपए का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। इसका चयन ध्रुव कार्की और राशि सिंह कार्की करेंगे। अब मंगलवार शाम 5.30 बजे मालवीय नगर स्थित ऑडिटोरियम में कई आयोजन होंगे। इस दौरान अवॉर्ड भी दिए जाएंगे और विशेषज्ञ अपनी बात रखेंगे।



## संसद में झड़प के बाद लामबंद हुए एमडीपी व डेमोक्रेट्स संसदीय समूह

# मुइज्जू के खिलाफ विपक्षी पार्टी लाएगी महाभियोग!

**एजेंसी** | माले

मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्जू की मुश्किलें कम होती दिखाई नहीं दे रही हैं। अब मालदीव की संसद की मुख्य विपक्षी पार्टी एमडीपी, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू पर महाभियोग चलाने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रही है। अगर ऐसा होता है तो इससे मुइज्जू की सरकार गिरने की आशंका है। चीन समर्थक राष्ट्रपति मुइज्जू के मंत्रिमंडल के सदस्यों से मतभेदों को लेकर सरकार समर्थक सांसदों और विपक्षी सांसदों के बीच संसद में झड़प होने के बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। दरअसल, एक दिन पहले ही सत्तारूढ़ पार्टी प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस के बाधा डालने पर संसद में भारी हंगामा हुआ था। सन डॉट कॉम के मुताबिक एमडीपी ने डेमोक्रेट के साथ साझेदारी में महाभियोग प्रस्ताव के लिए पर्याप्त हस्ताक्षर एकत्र कर लिए हैं। हालांकि, उन्होंने अभी इसे जमा नहीं किया है।







### 56 वोट के साथ चलाया जा सकता है महाभियोग

87 सदस्य वाली मासदीव की संसद ने महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करना आसान बनाने के लिए हाल ही में अपने स्थाई आदेशों में संशोधन किया था। एमडीपी और डेमोक्रेट्स के पास कुल मिलाकर 56 सांसद हैं। एमडीपी के 43 और डेमोक्रेट के 13 सांसद हैं। रिपोर्ट के अनुसार संविधान में संसद के स्थाई आदेशों के साथ राष्ट्रपति पर 56 वोटों के साथ महाभियोग चलाया जा सकता है।

### एमडीपी की बैठक में सर्वसम्मति से हुआ निर्णय

एक रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को एमडीपी की संसदीय समूह की बैठक में महाभियोग प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। 45 वर्षीय मुइज्जू ने पिछले साल सितंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में भारत समर्थित उम्मीदवार इब्राहिम मोहम्मद सोलिह को हराया था। 17 नवंबर को मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के तुरंत बाद, मुइज्जू ने औपचारिक रूप से भारत से 15 मार्च तक अपने देश से 88 सैन्य कर्मियों को वापस लेने का अनुरोध किया, उन्होंने कहा कि मालदीव के लोगों ने उन्हें नई दिल्ली से यह अनुरोध करने के लिए 'मजबूत जनादेश' दिया है।

## ईरानी विदेश मंत्री पहुंचे पाकिस्तान

# संबंध सुधारने की कवायद

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पिछले दिनों एक दूसरे के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के बाद ईरान और पाकिस्तान अब रिश्तों में आई तल्खी को कम करने में लग गए हैं। ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन सोमवार को पाकिस्तानी विदेश मंत्री जलील अब्बास जिलानी के निमंत्रण पर इस्लामाबाद पहुंचे। इस मुलाकात के दौरान वो दोनों देशों के बीच के चल रहे तनाव पर बात करेंगे।

विदेश मंत्री होसैन के पाकिस्तान पहुंचने पर उन्हें अफगानिस्तान और एशिया के अतिरिक्त विदेश सचिव रहीम हयात कुरैशी उन्हें नूर खान हवाई अड्डे पर लेने पहुंचे। यात्रा के दौरान अब्दुल्लाहियन पाकिस्तानी समकक्ष जिलानी और प्रधानमंत्री अनवर उल-हक-काकर से ईरान और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के चलते बिगड़े संबंधो पर बात करेंगे।



### ये है पूरा मामला

गौरतलब है कि 16 जनवरी को तेहरान ने दक्षिण पाकिस्तान के आतंकवादी संगठनों पर मिसाइल हमला किया था। इसके जवाब में पाकिस्तान ने 18 जनवरी को ईरान में आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इस दौरान पाकिस्तानी सेना ने कहा कि आतंकवादी संगठन, बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट को इंटेलिजेंस ऑपरेशन मार्गबार सरमाचार के तहत निशाना बनाया गया था। इजराइल-हमास जंग के बाद पाकिस्तान व ईरान के बीच हुए इस हमले ने विश्व के मध्य-पूर्व हिस्सों में अस्थिरता पैदा कर दी है।


### साथ काम करने की जताई सहमति

हाल ही में पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने सहमति जताई थी कि दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ मिलकर काम करेंगे। पाकिस्तान के एक मंत्री ने ईरान के विदेश मंत्री अब्दुल्लाहियन से दोनों देशों की अखंडता और संप्रभुता बनाए रखने पर बात की। इस दौरान जिलानी ने पाकिस्तान और ईरान के बीच करीब संबंधो को रेखांकित कर कहा कि दोनों देशों के बीच भाईचारें का संबंध है। उन्होंने ईरान के साथ मिलकर काम करने की सहमति जताई।

## मानहानि व यौन उत्पीड़न मामले में कोर्ट का आदेश

# ट्रंप को चुकाने होंगे 692 करोड़ रुपए

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क



न्यूयॉर्क में एक कोर्ट ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ यौन उत्पीड़न व मानहानि के मामले में फैसला सुनाते हुए एक लेखिका को 692 करोड़ रुपए देने का आदेश दिया है। ये रकम लेखिका ई जीन कैरोल को मुआवजे के तौर पर दी जाएगी। यौन उत्पीड़न और मानहानि के एक मामले में मैनहटन संघीय अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ फैसला सुनाया है। गौरतलब है कि ट्रंप 2024 में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार भी हैं।

कोर्ट के आदेश के अनुसार लेखिका ई जीन कैरोल को, ट्रंप मानहानि मुआवजा के तौर पर 83.3 मिलियन डॉलर (692 करोड़ रुपए) देंगे। कैरोल की ओर से मानहानि के लिए 10 मिलियन डॉलर मांगे गए थे, लेकिन कोर्ट ने इससे कई गुना ज्यादा 83.3 मिलियन डॉलर मुआवजा देने का आदेश दिया है। ट्रंप ने फैसला आने के बाद अपने बयान में इस निर्णय को हास्यास्पद बताते हुए इसके खिलाफ अपील करने की बात कही है।




## कराची में हिंसा में एक की मौत

**कराची**। पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर कराची में सोमवार को नाजिमानाड में हिंसक झड़पें हुईं, जिसमें पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के कार्यकर्ताओं के साथ गोलीबारी के दौरान मुत्तहिदा कौमी मूवमेंट (एमक्यूएम पाकिस्तान) के एक कार्यकर्ता की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। गौरतलब है कि कराची पाकिस्तान का वित्तीय केंद्र है।

## जापान के संबंध में चीन कर रहा विचार

# वीजा-मुक्त नीति होगी बहाल!

**एजेंसी** | बीजिंग

जापान के निवासियों के लिए चीन जाना जल्द ही आसान हो सकता है। चीन ने संकेत दिए हैं कि वह जापान के लिए वीजा मुक्त नीति फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार करेगा। चीन के विदेश मंत्रालय ने एक डेली प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इसकी जानकारी दी। चीन ने उम्मीद जताई है कि जापान दोनों देशों के बीच सीमा पार यात्रा को आसान बनाने के लिए बीजिंग के साथ काम करेगा।

COVID-19 से पहले जापानी नागरिक 14 दिनों तक बिना वीजा के चीन में प्रवेश कर सकते थे। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने एक डेली प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक सवाल के जवाब में यह संभावना जताई। गौरतलब है कि पिछले साल चीन ने दक्षिण कोरिया और जापान में शॉर्ट टर्म वीजा जारी करना निलंबित कर दिया था। कोरोना महामारी के प्रकोप को देखते हुए चीन ने पहले दक्षिण कोरिया और बाद में जापान में शॉर्ट टर्म वीजा जारी करना निलंबित करने का फैसला किया था।

## पूरे उत्तरी अमेरिकी महाद्वीप दिखेगा

# साल का पहला पूर्ण सूर्य ग्रहण 8 अप्रैल को

**एजेंसी** | वाशिंगटन

इस साल का पहला सूर्य ग्रहण अप्रैल में लगने जा रहा है। 2017 के बाद पहली बार 8 अप्रैल को अमेरिका में पूर्ण सूर्य ग्रहण दिखाई देगा। नासा के वैज्ञानिकों का कहना है कि यह शानदार खगोलीय घटना पूरे उत्तरी अमेरिकी महाद्वीप में दिखाई देगी।

ये सबसे पहले मेक्सिको के प्रशांत तट पर सुबह 11:07 बजे दिखेगा। यूरोप के कई हिस्सों सहित अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में सूरज को काला होते हुए देखेंगे। घनी आबादी वाला क्षेत्र होने के कारण लाखों लोग इस ग्रहण को देख सकेंगे। इस साल होने वाला ये पूर्ण सूर्य ग्रहण अमेरिका के 13 राज्यों में दिखाई देगा।



### सात साल में दूसरा पूर्ण सूर्य ग्रहण

इस साल का ये पूर्ण सूर्य ग्रहण कई वजह से खास है। सात साल में दूसरी बार पूर्ण सूर्य ग्रहण हो रहा है, यह घटना तब होगी जब सूर्य अपनी पीक एक्टिविटी पर होगा। इसके उलट 2017 में सूरज का ये स्तर न्यूनतम था। साउथवेस्ट रिसर्च की सौर वैज्ञानिक लिसा अप्टन का कहन है कि 2024 में जो ग्रहण हमारे पास आ रहा है, वह 2017 के ग्रहण से बहुत अलग होने वाला है, क्योंकि जो कोरोना जो हम देख रहे हैं उसकी संरचना बहुत अधिक होगी।

### भारत में नहीं दिखेगा ग्रहण

इस साल 8 अप्रैल, 2024 को लगने वाला सूर्य ग्रहण एक पूर्ण सूर्यग्रहण होगा, जिसे खग्रास सूर्य ग्रहण भी कहते हैं। ये तब होता है, जब सूरज और पृथ्वी के बीच से चंद्रमा गुजरता है। पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान सिर्फ सूर्य का कोरोना दिखाई देता है। यह बताता है कि चंद्रमा के पीछे सूर्य है। आंशिक सूर्य ग्रहण के दौरान सूर्य का कुछ हिस्सा ही ढका हुआ दिखता है। इस साल का यह पहला सूर्य ग्रहण भारत में दिखाई नहीं देगा। यह पश्चिमी यूरोप पेसिफिक, अटलांटिक, आर्कटिक मेक्सिको, उत्तरी अमेरिका, कनाडा, मध्य अमेरिका, दक्षिण अमेरिका के उत्तरी भाग, इंग्लैंड के उत्तर पश्चिम क्षेत्र और आयरलैंड में दिखाई देगा।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl